वर्ष 23, अंक 222, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    शुक्रवार 6 सितम्बर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए



### सिंगापुर के कारोबारियों से बोले पीएम मोदी

# स्किल डेवलपमेंट के लिए भारत आएं, काशी में करें निवेश'

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंगापुर दौरे पर हैं. पीएम छह साल बाद सिंगापुर पहुंचे हैं. मोदी का सिंगापुर का दौरा भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के ! लिए जरूरी है. सिंगापुर आसियान देशों में भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है. प्रधानमंत्री मोदी और सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग से मुलाकात के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के लिए चार समझौता ज्ञापनों (टङ्कव) पर हस्ताक्षर किए. दोनों नेताओं ने सिंगापुर शहर में मुलाकात की और अपने द्विपक्षीय संबंधों को "व्यापक रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति जताई. ये समझौता ज्ञापन डिजिटल



प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र तथा शैक्षिक सहयोग और कौशल विकास पर केंद्रित हैं. मोदी सिंगापुर और ब्रुनेई की यात्रा संपन्न करने के बाद भारत के लिए रवाना हो गए हैं. इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के शीर्ष कंपनियों के उएडर से मुलाकात की और भारत में निवेश करने की अपील की. उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, "यह मेरा तीसरा कार्यकाल है. जो लोग भारत से परिचित हैं, उन्हें पता होगा कि 60 साल बाद किसी सरकार को तीसरी बार जनादेश मिला है. इसके पीछे का कारण मेरी सरकार की नीतियों में लोगों का विश्वास है. अगर दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला कोई एविएशन सेक्टर है, तो वह भारत में है. एमआरओ होना हमारी प्राथमिकता है. आपको (व्यवसायों को) एयरपोर्ट्स के विकास में निवेश करने के लिए भारत आना चाहिए."

उन्होंने कहा, "हम पूवार्नुमानित और प्रगतिशील नीतियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं. भारत में राजनीतिक स्थिरता है. हम सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहे हैं।

## लालकृष्ण आडवाणी के आवास जाकर जेपी नड्डा ने उन्हें फिर से बनाया पार्टी का सदस्य

**नई दिल्ली। भाजपा** राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के संस्थापक नेताओं में शामिल रहे लालकृष्ण आडवाणी की सदस्यता का नवीनीकरण कर, उन्हें फिर से पार्टी का सदस्य बनाया। भाजपा अध्यक्ष ने लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर पहुंचकर, उनकी पार्टी सदस्यता का नवीनीकरण किया। भाजपा के संस्थापक नेता लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वह देश के उप-प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री



भी रहे हैं। उन्हें केंद्र की मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है।

दरअसल, भाजपा देश भर में बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय सदस्यता अभियान चला रही है। पार्टी ने इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को 'संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024' का नाम दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान का शुभारंभ 2 सितंबर को नई दिल्ली से किया था। भाजपा ने यह भी तय किया था कि पार्टी के नेता वरिष्ठतम और बुजुर्ग हो चुके नेताओं के घर जाकर उन्हें फिर से पार्टी का सदस्य बनाकर उनकी सदस्यता का नवीनीकरण करेंगे।

### आरजी कर मामले में सीबीआई को मिला नया सुराग

## कोलकाता : संदीप घोष की मुश्किलें बढ़ीं

**कोलकाता। पश्चिम** बंगाल की राजधानी कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज मिला है। दस्तावेज के अनुसार, पूर्व प्राचार्य संदीप घोष ने पीड़िता का शव बरामद होने के एक दिन बाद राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को घटना स्थल के आस-पास के क्षेत्रों में मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए थे।



पीड़िता का शव 9 अगस्त की सुबह अस्पताल परिसर के सेमिनार कक्ष से बरामद किया गया था।

सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किया है, जिससे पता चलता है कि घोष ने सेमिनार हॉल से सटे एक कमरे और शौचालय में मरम्मत कार्य करने के लिए राज्य लोक निर्माण विभाग को अनुमति पत्र जारी किया था। जिस जगह पर मरम्मत कार्य होने की बात कही जा रही है, वह घटना स्थल के पास है।

सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों को वह अनुमति पत्र मिल गया है जिस पर घोष के हस्ताक्षर हैं और 10 अगस्त की तारीख अंकित है।

सूत्रों ने यह भी बताया कि शुरू में ऐसा माना जा रहा था कि पीडब्ल्यूडी को मरम्मत कार्य शुरू करने का निर्देश घोष के निर्देश पर आर.जी. कर के एक प्रशासनिक अधिकारी ने दिया था।

## भारत में 18 प्रतिशत यूनिकॉर्न स्टार्टअप का नेतृत्व कर रही हैं महिलाएं : वित्त मंत्री

**चेन्नई। भारत में** महिलाएं कॉरपोरेट क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसकी असर है कि मौजूदा समय में स्टार्टअप और फाइनेंसियल टेक्नोलॉजी क्षेत्र के 111 यूनिकॉर्न (वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से अधिक) में से 18 प्रतिशत का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से यह बयान दिया गया।

फिक्की-एफएलओ चेन्नई इकाई द्वारा चेन्नई में आयोजित की गई कॉन्फ्रेंस में सीतारमण ने कहा कि



कॉरपोरेट कंपनियों में बीते एक दशक में महिला निदेशकों की संख्या में तीन गुना का इजाफा हुआ है।

2014 में देश में एक्टिव कंपनियों में महिला निदेशकों की संख्या 2.58 लाख थी, जो कि अब अगस्त 2024 तक बढ़कर 8.83 लाख हो गई है। इसमें 3.4 गुना का इजाफा देखने को मिला है।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर 10 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली। कथित** आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत अर्जी और सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। मामले में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान केजरीवाल की जमानत याचिका पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है, बता दें मामले की अगली सुनवाई 10 सितम्बर को होगी।

## बीजेपी में शामिल हुए भारतीय क्रिकेटर रविंद्र जडेजा, विधायक पत्नी ने शेयर की फोटो

**नई दिल्ली: अपनी** विधायक पत्नी की ही तरह भारतीय क्रिकेटर रविंद्र जडेजा ने भी बीजेपी की सदस्यता ले ली है। गुजरात के जामनगर से बीजेपी की टिकट पर विधायक चुनी गईं रिवाबा जडेजा ने सोशल मीडिया पर अपनी और अपने पति की सदस्यता क्रमांक वाली तस्वीर शेयर की। साल 2014 में इसी तरह के सदस्यता अभियान के दौरान और उसके बाद, भाजपा ने कई राज्यों में सरकार बनाई। कुछ राज्यों में तो भाजपा ने पहली बार अपने बूते सरकार बनाई है। क्या चुनाव लड़ने



वाले हैं जड्डू? हाल ही में टी-20 वर्ल्ड इंटरनेशनल से संन्यास लेने वाले रविंद्र जडेजा वैसे भी अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर चल रहे हैं। 2023 में आखिरी वनडे खेलने वाले जडेजा क्रिकेट को पूरी तरह अलविदा कहने के बाद एक्टिव पॉलिटिक्स में नजर आ सकते हैं।

## अयोध्या धाम और तमिलनाडु का एक विशेष रिश्ता है : मुख्यमंत्री

**अयोध्या। उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने अयोध्या दौरे की शुरूआत राम नाथ स्वामी मंदिर में आयोजित महाकुंभाभिषेक और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेकर की। इस दक्षिण भारतीय शैली के मंदिर में नवस्थापित शिवलिंग का पूजन-अर्चन करने के साथ सीएम योगी ने प्रदक्षिणा भी की।

उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम और तमिलनाडु का एक विशेष रिश्ता है, जो हजारों वर्षों की परंपरा को दशार्ता है। सीएम योगी ने रामनाथ स्वामी मंदिर की स्थापना को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को समृद्ध करने वाला प्रयास बताया।

उन्होंने कहा कि रामस्वामी का कार्यशाला में विराजमान होना अत्यंत आनंद का क्षण है।



अयोध्या धाम और तमिलनाडु का विशेष रिश्ता है। यह हजारों वर्षों की परंपरा है। हजारों वर्ष पहले मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जब श्रीलंका में माता सीता की खोज के लिए निकले थे तो तमिलनाडु के रामेश्वरम में सेतु बंधन के पश्चात अपने आराध्य भगवान शिव की अराधना की थी।

सीएम योगी ने कहा कि संपूर्ण भारत एक है, इस संकल्प के साथ आध्यात्मिक चेतना बढ़ रही है। मौजूदा प्रयास भी इसमें एक कड़ी है। हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के पीएम मोदी के कार्यक्रम हो ही आगे बढ़ा रहे हैं, जो यहां भी देखने को मिल रहा है। भारत उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूरब से लेकर पश्चिम तक एक रहा है। हमारे शास्त्र व धर्मस्थल इस बात के प्रमाण हैं। सरकारें अलग-अलग रही हों, मगर भारत के संतों की परंपरा ने मजबूती प्रदान की है।

सीएम योगी ने वाराणसी में होने वाले 'काशी तमिल संगमम' का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी में तमिल संगमम के दो संस्करण पूर्ण हो चुके हैं। काशी के बाद आज अय्या जी के कारण अयोध्या धाम भी तमिलनाडु से जुड़ चुका है।

## गृह मंत्री से मिला VHP का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली:**

भारत ने बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ यूक्रेन की स्थिति के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की। देश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। विहिप के सदस्यों के साथ हिंदू संतों ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों की खबरें कई हिंदू मंदिरों में बर्बरता के साथ सामने आईं क्योंकि देश में पूर्व प्रधान मंत्री शेख हसीना को हटाने के लिए राजनीतिक उथल-पुथल चल रही थी।

### बिहार NDA में दरार! खुली गठबंधन की कलई

## बीजेपी के सीटिंग सीट पर चुनाव लड़ेंगे संजय सिंह

**पटना : बिहार** विधानसभा चुनाव में अभी देरी है। किसी भी पार्टी के गठबंधन के बीच सीटों का अब तक कोई बंटवारा नहीं हुआ है। सीट बंटवारे में भी अभी देरी है। लेकिन उससे पहले ही एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर घमासान होने की आहट सुनाई देने लगी है।

दरअसल, हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि जदयू के एमएलसी संजय सिंह ने यह ऐलान कर दिया है कि वह बीजेपी के सीटिंग सीट पर चुनाव लड़ेंगे।

**अभी से दिखने लगी पार्टी में दरार?**

बिहार में जेडीयू, बीजेपी, लोजपा (आर) हम और राष्ट्रीय लोक मोर्चा का गठबंधन है। अगले साल



विधानसभा का चुनाव होना है। लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन तैयारी में जुटा है। इन सबके बीच जदयू और बीजेपी में टकराव की आहट सुनाई देने लगी है। बताते चलें की पटना जिले की बाढ़ विधानसभा हम आपको बताते चलें कि पटना जिले के बाढ़ विधानसभा सीट ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू की है। जो बीजेपी के विधायक हैं। बाढ़ क्षेत्र में उनका दबदबा है। ऐसे में यदि संजय सिंह बाढ़ क्षेत्र से चुनाव लड़ने के फैसले से पीछे नहीं हटे तो यहां दोनों पार्टियों के बीच मतभेद पैदा हो सकते हैं।

**क्या बोले संजय सिंह**

दरअसल, संजय सिंह जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी हैं। उन्होंने अपने समर्थकों के बीच खड़े होकर हर हाल में चुनाव लड़ने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह हर हाल में बाढ़ से चुनाव लड़ेंगे। दुनिया की कोई ताकत उन्हें चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकती है। उन्होंने यह भी कहा 'जब ठान लिया है तो करेंगे।' उन्होंने कहा 'चिंता मत कीजिए, बाढ़ से ही लड़ेंगेङ्घचिंता मत कीजिए। एट एनी कॉस्ट बाढ़ से ही लड़ेंगे।' उन्होंने आगे कहा- जब मन बन जाता है ना तो युद्ध के मैदान में आगे क्या कभी घबराना नहीं चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के रण में उतरेंगे मोदी, तीन रैलियों को करेंगे संबोधित

**श्रीनगर। प्रधानमंत्री न**रेंद्र मोदी जल्द ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के प्रचार में उतरेंगे। पीएम मोदी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जम्मू-कश्मीर में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा के जम्मू-कश्मीर महासचिव अशोक कौल ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है।

अशोक कौल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जम्मू संभाग में दो और कश्मीर में एक रैली को संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा, "केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय जम्मू-कश्मीर दौरे पर आएंगे। वह 6 सितंबर को जम्मू में भाजपा का



चुनावी घोषणापत्र जारी करेंगे। अमित शाह शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान कश्मीर घाटी का भी दौरा कर सकते हैं।"भाजपा महासचिव अशोक कौल ने कहा, "भाजपा के उम्मीदवारों ने बुधवार को श्रीनगर में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कई लोग उनके समर्थन में वहां मौजूद रहे।"

# देवरी बांध में बाइक समेत युवक के डूबने से मौत



अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र मांडा थाना अन्तर्गत भवानीपुर ग्राम पंचायत के देवरी बांध में बाइक समेत युवक के डूबने से मौत की सूचना पर घर कोहराम मच गया। उक्त हादसे से क्षेत्र के हर किसी व्यक्ति का दिल दहला गया हैं। गुरुवार को कपूरी गांव निवासी पवन कुमार उम्र (22) पुत्र मनोहर लाल बाइक के साथ भवानीपुर के देवरी बांध में डूब गया।गौरतलब हो कि पवन कुमार बाइक लेकर देवरी बांध घूमने गया था। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया। घटना कि सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह, एसआई अरुण शुक्ल, एसएन सिंह, आरक्षी संतोष यादव मौके पर पहुंचे और तीन घंटे कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। वही पवन का शव पानी से बाहर निकलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया। पवन की मौत से उसके परिवारजनों को गहरा आघात पंहुचा है। मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। इंस्पेक्टर मांडा शैलेन्द्र सिंह ने बताया शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शहर भेज दिया है और अग्रिम कार्यवाही हेतु जांच जारी है।

## इलाज के दौरान महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा




**करछना।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के मुगारी ट्रोल प्लाजा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला की मौत पर गुरुवार को परिजनों ने शव रखकर कर घंटों हंगामा किया और अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने पर अड़े रहे परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के आश्वासन पर लोग सहमत हुए जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के मुगारी गांव के मजरा चीरई का पूरा की महिला संजना देवी यादव पत्नी संतोष यादव की तबीयत बिगड़ी और परिजनों ने पास स्थित ईशु हास्पिटल मिजार्पुर हाईवे मुगारी में तीन दिन पहले भर्ती कराया था जहां गुरुवार को सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई परिजनों ने अस्पताल संचालक को गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और मामले में बहु की मौत पर उसके ससुर फौजदार यादव ने अस्पताल के संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर औद्योगिक थाना क्षेत्र में लिखित शिकायत दर्ज कराई मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के आश्वासन पर लोग शांत हुए और अस्पताल को बंद करके सभी स्टाफ फरार हो गए पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी वहीं लोगों का कहना है कि मेडिकल स्टोर के नाम पर अस्पताल संचालक लोगों को भर्ती करके इलाज करता है और इसके पास अस्पताल संचालित करने का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है, वहीं स्थानीय लोगों ने अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की उच्च अधिकारियों से मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचार आज भी हैं प्रासंगिक- देवराज उपाध्याय



**सहसों।** भरद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर देवनहरी के प्रांगण में शिक्षक दिवस पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की जयंती पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर संस्थान के निर्देशक अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने पूर्व राष्ट्रपति को नमन करते हुए कहा वह महान शिक्षाविद एवं बहुत बड़े दार्शनिक के साथ एक कुशल राजनीतिज्ञ भी थे। उन्होंने उनके विचारों को आत्मसात करने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। पूर्व राष्ट्रपति के योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय उपाध्याय, प्रमोदित यादव, संजय शर्मा, साक्षी यादव, प्रांजल यादव, रागिनी दुबे, मारिया बानो सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### संगम रोड पर गड्ढे में गिरकर लोग होते हैं, घायल



**नैनी।** नैनी संगम रोड छेदन कबाड़ी चौराहा कजरिया शोरूम विकास मेगा मार्ट के सामने लगभग दो महीने से इस रोड में गड्ढा है। जिस कारण से लोगों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है दुकानदारों को भी दिक्कत हो रही है आए दिन ई रिक्शा गड्ढे में पलट जाता है लोग घायल हो जाते हैं गड्ढे में बाइक सवार भी आए दिन गिरते रहते हैं वहीं स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बड़े-बड़े अधिकारी भी इस संगम रोड से निकलते हैं लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। लोगों की मांग है कि अधिकारी रोड को बनवाने का कष्ट करें अगर नहीं बनवा पाए तो इसको रिपेयर तो कराई दें कम से कम आने जाने में लोगों को दिक्कत ना हो पूरे दिन में लगभग 10 लोग गिरते हैं।

### श्रीईश्वरदीन छेदीलाल इं. कालेज में शिक्षक दिवस पर सभा का किया गया आयोजन



**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डॉ० योगेंद्र सिंह एवं शिक्षकों द्वारा श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ० योगेन्द्र सिंह ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना है, जो हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हैं। इस अवसर पर कई छात्रों द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुनील कुमार साहू, कुलभूषण मिश्रा,दयाशंकर सिंह, राजेश कुमार द्विवेदी, अचलेन्द्र जायसवाल, चंद्रशेखर,राम लखन प्रजापति, विकास केसरी,अखिल कुमार, रितेश प्रजापति, दयाशंकर यादव, वीरेंद्र कुमार,शिव केसरवानी आदि शिक्षकों के साथ ही सैकड़ों छात्र गण उपस्थित रहे।

### स्कूलों व कंप्यूटर सेंटरों पर याद किए गएः डा .सर्वपल्ली राधाकृष्णन



**मांडा।** शिक्षक दिवस पर मांडा विकास खंड क्षेत्र में सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन को याद करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। गुरुवार को मांडा खास स्थित अभिराजी विहार इंटर कालेज में प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने डॉ. सर्व पल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर छात्रों को उनके जीवनी के बारे में बताया। इस बीच छात्र छात्राओं ने अपने अध्यापकों को पेन, डायरी भेट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।वहीं लॉर्ड बुद्धा इंटर कालेज मांडा में प्रधानाचार्य पूनम सिंह व प्रबंधक अशोक कुमार ने स्कूल के बच्चों के साथ केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम स्कूल मांडा में प्रधानाचार्य होरीलाल व प्राथमिक विद्यालय मांडा नरेंद्र कुमार गौतम ने अपने छात्र छात्राओं के साथ धूम धाम से शिक्षक दिवस मनाया जिसमें डा. सर्व पल्ली राधाकृष्णन के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। वहीं क्षेत्र के खवास तारा स्थित आरके कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में प्रबंधक अरविन्द कुमार यादव ने अपने छात्राओं के साथ मिलकर पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती पर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसी क्रम में देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन 05 सितम्बर के उपलक्ष्य में शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आधार प्रकट करने हेतु शिक्षक दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री पॉलीटेक्निक संस्था में "एक पेड़ गुरु के नाम" पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पॉलीटेक्निक के स्टाफ सहित छात्रों ने पौधारोपण किया । छात्रों ने बड़े भाव से अपने गुरूओ को सम्मानित किया। संयोग से उक्त संस्था शिक्षक पवन केसरी का जन्मदिन होने के कारण छात्रों की खुशी दो गुनी हो गयी।

### प्रगतिशील मानव समाज पार्टी फूलपुर उपचुनाव मजबूती से लड़ेगी- प्रेमचंद्र बिंद



**सहसों।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी द्वारा गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर विधानसभा फूलपुर के ग्राम सभा कसेरुआ कला स्थित राम जानकी हनुमान मंदिर आश्रम के प्रांगण में विधानसभा क्षेत्र 256 फूलपुर उपचुनाव की तैयारी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारियो की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक को बतौर मुख्य अतिथि प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिंद ने कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 256 फूलपुर विधानसभा उप चुनाव प्रगतिशील मानव समाज पार्टी मजबूती से लड़कर जीत हासिल करेगी। विधान सभा क्षेत्र में 2 लाख लोगों को सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी से जोड़ा जाएगा। घर घर चलो संगठन बनाओ अभियान चलाकर जन संपर्क और जन संवाद कार्यक्रम चलाया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर 10 यूथ का संगठन बनाया जाएगा। और समाज को आरक्षण अधिकार न्याय सम्मान एवं सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक को रामधनी केवट राष्ट्रीय महासचिव, वसंत लाल विश्वकर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, मौजीलाल बिंद राष्ट्रीय सचिव, महेंद्र कुमार बिंद प्रदेश प्रभारी, राममूर्ति बिंद, रामबाबू बिंद मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज, राकेश जायसवाल जिला उपाध्यक्ष आदि ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार बिंद जिला अध्यक्ष प्रयागराज एवं संचालन मदन चंद्र बिंद प्रदेश प्रभारी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जगदीश बिंद, गुरुजी बिंद, रामचल बिंद, कुंवर साहब बिंद,अखिलेश मौर्य,सोनू पाल, डा शोभनाथ बिंद सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीकांत यादव को विहिप ने सौंपी सह प्रचार प्रमुख की कमान

### कहा - संगठन के सिद्धांतों पर चलकर पूरी निष्ठा से निभाउंगा जिम्मेदारी, संगठन होगा मजबूत



**मेजा।** विश्व हिन्दू परिषद यमुनापार प्रयागराज द्वारा अपने संगठन में विस्तार करते हुए पत्रकार श्रीकान्त यादव को विश्व हिन्दू परिषद संगठन में सह प्रचार प्रमुख यमुनापार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि विश्व हिन्दू परिषद यमुनापार जिलाध्यक्ष ई नित्यानंद उपाध्याय की संस्तुति पर संगठन के सभी पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से विश्व हिन्दू परिषद ने संगठन का विस्तार करते हुए मेजा के खौर गांव निवासी पत्रकार श्रीकान्त यादव को सह प्रचार प्रमुख यमुनापार के पद पर मनोनीत किया है। इस पद पर मनोनयन के बाद श्रीकान्त यादव ने संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि जब-जब देश में विरोधी ताकतें हावी हुई हैं तब-तब विश्व हिन्दू परिषद ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। ऐसे संगठन में जगह मिलने पर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। श्री यादव ने आगे कहा कि मैं संगठन के विचारों एवं सिद्धांतों पर चलकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा एवं इस पद पर रहते हुए अपने दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष यमुनापार ई नित्यानंद उपाध्याय, संगठन मंत्री सुभाष गिरी, सिद्धांत तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष मेजारोड पप्पू उपाध्याय, शिव उपाध्याय, कृपाशंकर, नारायण शर्मा, रमाकांत, रविशंकर, रामसिंह कबीर, रविता देवी, खुशबू देवी, तथा विजय शंकर मिलन आदि के अलावा यमुनापार के समस्त पदाधिकारी सहित सैकड़ों लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम : पीके मिश्रा

### जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में धूमधाम से रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मनाया गया शिक्षक दिवस



**मेजा।** जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में शिक्षक दिवस पर्व की भांति धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विग्रह पर पुष्प और माल्यार्पण के द्वारा सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।शिक्षक दिवस के इस शुभ अवसर पर सभी विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र ऋषभ पटेल और छात्रा सुभिक्षा पांडे ने किया। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा अपनी अपनी कक्षाओं को भी सुंदर ढंग से सजाया और संवारा गया था। सभी कक्षाओं में शिक्षकों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शिक्षक दिवस का कार्यक्रम विद्यालय के सुंदर सभागार में आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने शिक्षको के कार्य को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सर्वोत्तम मस्तिष्क ही सर्वोत्तम शिक्षक की पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण कर उसे समाज का सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बनाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्रा वर्तिका तिवारी ने शिक्षकों के सम्मान में अपनी मृदुल आवाज में मनोहारी काव्य पाठ किया। इसी क्रम में डॉ अरविंद चौधरी ने कहा कि मां परम पूज्य होती है और मां से भी 100 गुना अधिक शिक्षक पूज्य होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वही छात्र आगे बढ़ते हैं जो गुरु के आदेशों का पालन कर अपने जीवन को व्यवस्थित करते हैं। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ डीके त्रिपाठी के उद्बोधन के साथ हुआ जिसमें उन्होंने अपने उद्बोधन में जीवन के विभिन्न प्रसंगों में ज्ञान के महत्व, गुरु की महिमा पर विशेष फोकस किया। कार्यक्रम में डॉ राधाकृष्णन के महानतम योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम को सकुशल सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापकों और बच्चो के प्रयास की सराहना की गई।

## व्यक्तित्व के विकास और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण डॉ. मधु कुमारी



**नैनी।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शोध छात्रा व वर्तमान में PDF पोस्ट डाक्टोरल फेलोशिप डॉ. मधु कुमारी ने कहा कि व्यक्तित्व के विकास और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा में सर्वहित और कल्याण की भावना का समावेश होना चाहिए। आज शिक्षक दिवस पर डॉ मधु कुमारी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का दैवीय गुण शिक्षा को कल्याण के भाव से देखना होना चाहिए। शिक्षा में सर्वहित और कल्याण की भावना का समावेश होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वह इसलिए भाग्यशाली हैं कि उन्हें भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। एक शिक्षा ही है जो व्यक्ति को व्यक्तित्व और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।शिक्षा की अलख जगाने और समाज व देश को आगे बढ़ाने के लिए आप सब इस शिक्षा का सदुपयोग करें लोक कल्याण करना शिक्षा का उद्देश्य समझें। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र-शुभम मौर्य ने छात्र-छात्राओ से कहा कि उन्हे अपने जीवन का संकल्प भी बनाना चाहिए। हमें अपने देश को सुरक्षित रखना भी कर्तव्य है, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र की प्रगति में भी शिक्षा का उद्देश्य निहित है।

## शिक्षक मोमबत्ती की भांति है जो स्वयं जल कर दूसरों को प्रकाश देता है : डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** पांच सितम्बर को श्री मती इन्दिरा गाँधी विद्यालय जगौती में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति महान शिक्षाविद डॉ० सार्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म जयंती पर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।विद्यालय के प्रबंधक डॉ दिनेश कुमार सोनी ने समस्त शिक्षक गणों के बीच में शिक्षक दिवस के मौके पर केक काटकर भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति शिक्षक शिरोमणि सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विषय में विस्तार से वर्णन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण कुमार मिश्र ने शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर शिक्षक रह चुके सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन परिचय पर विस्तार से चर्चा किया। साथ समस्त शिक्षक छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर खुशी जाहिर करते हुए निरन्तर आगे बढ़ने पर जोर दिया। शिक्षक दिवस पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए समाज सेवी नागेश पाण्डेय ने कहा कि डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान दार्शनिकवेत्ताओं में से एक रहे जिन्होंने अपने जीवन में समाज के प्रति बड़ा संघर्ष किया। और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जन्म दिन पर कहा कि हमारे जन्म दिन पर मेरा जन्म दिवस ना मनया जाय बल्कि मेरे जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाय तभी हमें शांति मिलेगी। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर अपना वक्तव्य देने वालों में राममणि द्विवेदी, आशा सोनी, अमित भारतीया, दिव्याशुं पाण्डेय, सपना विश्वकर्मा, किरन मिश्रा, पवनेश सोनी, खुशबू मौर्या, जुली सिंह, आनन्द पटवा व छात्र व छात्राएं रहे।

## स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम में शिक्षक दिवस पर गुरु सम्मान कार्यक्रम संपन्न

**प्रयागराज।** कॉस्मिक एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित प्रायाराज के तीनों विद्यालयों स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल थरवई, स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज जार्जटाउन एवं स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणी देवी विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं को अंगवस्त्र के साथ शिक्षक दिवस के इस दिवस पर सम्मानित कर हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय एम०पी० दुबे पूर्व कुलपति राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, सम्मानित अतिथि प्रो० आई०सी० अग्रवाल, मा. शरद गुप्ता, डॉ० एल०एस० ओझा, डॉ० नवीन अग्रवाल, विद्याश्रम जार्जटाउन के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र, विद्याश्रम थरवई के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य कल्याणी देवी विद्याधर द्विवेदी, कल्याणी देवी के वर्तमान प्रधानाचार्य समुद्र गुप्त मौर्य आदि उपस्थित रहे। विद्याश्रम जार्जटाउन के वरिष्ठ शिक्षक माता प्रसाद शुक्ल व गौरी शंकर त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

# ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन



**सिरसा।** मेजा अंतर्गत विकास खंड उरुवा मवैया रोड, रामनगर स्थित ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस महत्वपूर्ण दिन का आरंभ स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक श्री आर. के. शर्मा द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शिक्षकों और प्रबंधन की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। कक्षा 10 के आयुष जैसवाल ने विद्यालय के प्रधानाचार्य की भूमिका को सफलतापूर्वक निभाया, जबकि सचिन भारतीया और शिवा तिवारी ने अन्य विषयों में शिक्षण कार्य किया। विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अलग-अलग कक्षाओं के छात्रों ने बेहतरीन तरीके से पढ़ाया। कक्षा 9 की अर्पिता तिवारी, कक्षा 10 के आशिम, कक्षा 8 के प्रतीक तिवारी, कक्षा 9 के आयुष जायसवाल, कक्षा 6 की सृष्टि तिवारी और अर्पित श्रीवास्तव ने अपने-अपने विषयों में शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा, प्रत्येक कक्षा में केक काटकर इस विशेष दिन का आनंद और उत्साह मनाया गया। बच्चों ने शिक्षण के नए अनुभवों के साथ शिक्षक दिवस को और भी खास बना दिया। विशेष रूप से, सचिन भारतीया और अमन को उनके बेहतरीन शिक्षण कार्य के लिए सराहा गया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. नीरज कुमार ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा देवी ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को सुंदर उपहारों के साथ एक पौधा भी भेंट किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी शिक्षक और कर्मचारी अपने पौधों और विद्यार्थियों की देखभाल करते हुए ज्ञानदीप स्कूल के विकास में योगदान देंगे, जिससे विद्यार्थियों का समुचित विकास हो सके। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक श्री आर. के. शर्मा, श्री अजीत सिंह, श्री विनीत, श्री दीपचंद्र, श्रीमती आभा तिवारी, श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव, श्रीमती जागृति सेठ, श्रीमती श्रुति, श्रीमती आंशी दुबे और श्रीमती अर्पिता तिवारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## श्रीराम दुबे मास्टर साहब का निधन होने पर लोगों ने दिया श्रद्धांजलि

**जंघई।** जंघई दुबान निवासी श्रीराम दुबे का बीमारी से निधन हो गया। उनके निधन पर परिजनों एवं क्षेत्रवासियों तथा रिश्तेदारों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। परिजनों में चिंतामणि दुबे, अनिल कुमार दुबे, पंकज दुबे, मनोज कुमार दुबे, प्रमोद दुबे, राहुल दुबे, अवनीश, पीयूष, आयुष, शनि, अथर्व, तेजस्व, अदविक ने शोक संवेदना व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित किया। पंडित श्रीराम दुबे बहुत सीधे, सरल, मिलनसार एवं उदार व्यक्तित्व के इंसान थे उपस्थित लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।

# शिक्षक दिवस पर छात्र-छात्राओं ने लिया गुरुजनों का आशीर्वाद






**सहसों।** शिक्षक दिवस पर श्री राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल गुलालपुर में संयुक्त रुप से छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर भारत रत्न पूर्व राष्टपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन कर याद किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने पूर्व राष्ट्रपति के जीवन व ब्यक्तिव एवं गुरु शिष्य के पारंपरिक संबंध तथा महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य की राह पर चलना सीखाते हैं शिक्षक, जीवन के संघर्षों से लड़ना सिखाते हैं शिक्षक। उन्होंने कहा शिक्षक एक गुरु होने के साथ-साथ छात्र-छात्रा के प्रति संस्कारित शिक्षा, राष्ट्र, समाज व शिक्षा के निर्माण में शिक्षकों को अग्रणी कर्तव्य को पूरा करते हुए शिक्षण कार्य के रूप में निभाना पड़ता है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चरण बंधन कर गुरुश्रेष्ठों का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी ने बच्चों को आशीर्वचन में कहा कि गुरु का शिष्य से नाता माता-पिता से भी बढ़कर होता है। इस अवसर पर शिक्षक कमलाकांत शुक्ला, महारानी दीन मिश्र, जबर सिंह आदि उपस्थित रहे।

इसी प्रकार छत्रपति शिवाजी जूनियर हाई स्कूल सहसों बाजार में शिक्षक दिवस पर छात्र छात्राओं ने गुरु शिष्य की परंपरा, कर्तव्य एवं धर्म को निभाते हुए गुरु वंदना के साथ पूर्व राष्ट्रपति के जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि वह श्रद्धा सुमन अर्पित कर शिक्षक दिवस को मनाया और गुरुजनों का आशीर्वाद लिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेश कुमार द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षक समाज का अग्रणी माना गया है। शिक्षक कुशल गुरु के नाते अपनी शिक्षा से बच्चों को शून्य से उठाकर सफलता के शिखर तक ले जाने में उत्कृष्ट कार्य करता है। इस अवसर पर महेंद्र नारायण शुक्ला, विनोद द्विवेदी, सावित्री गुप्ता, अंकित विश्वकर्मा, अमन तिवारी, प्रीति विश्वकर्मा, खुशी सलमानी, रुबीना बानो, अंशु पांडे, काजल मिश्रा, सुमन सिंह एवं काशिफा आदि शिक्षक दिवस मनाते मौजूद रहे।

# मां वैष्णो देवी धाम के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू, सांसद ने जम्मू मेल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सूबेदार रेलवे स्टेशन से मां वैष्णो देवी धाम जाने वाली ट्रेन जम्मू मेल को बृहस्पतिवार को सांसद प्रवीण सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी और क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के साथ एडीआरएम संजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। ट्रेन को चलाने के लिए कई दिन से तैयारियां चल रही थीं। सांसद व अन्य दोनों जनप्रतिनिधियों ने सुबह 10.35 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन दूसरे दिन यानी शुक्रवार को सुबह 9.15 बजे कटरा पहुंचेगी । प्रयागराज से मां वैष्णो देवी कटरा के लिए सीधी ट्रेन सेवा नहीं थी। यहां से जम्मू के लिए मुरी और ऊधमपुर के लिए सीधी ट्रेन चल रही थी। अब जम्मू मेल मां वैष्णो देवी के धाम तक संचालित हो रही है।। अभी इस ट्रेन का संचालन दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए शुरू हो गया है। दो माह पूर्व ही इस ट्रेन के सूबेदारगंज तक विस्तार की मंजूरी रेलवे बोर्ड ने दी थी। पहले दिन इस ट्रेन से कुल 66 यात्री ही रवाना हुए। इन सभी को तत्काल कोटे से ही ट्रेन में बर्थ नसीब हुई। सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि अब लोग सीधे कटरा रेलवे स्टेशन पहुंच सकेंगे। लोगों को अब जम्मू नहीं उतरना होगा। इस अवसर पर मेयर गणेश केसरवानी ने अपने पुराने अनुभव साझा किए।



**कहां-कहां होगा ठहराव :** सुबह 10.35 बजे सूबेदारगंज से ट्रेन रवाना होगी। यहां से दिल्ली के बीच ट्रेन का फतेहपुर, गोविंदपुरी, टुंडला और अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा। शाम 7.50 बजे जम्मू मेल पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच जाएगी। 15 मिनट के ठहराव के बाद रात 8.10 बजे जम्मू मेल श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए रवाना होगी। दिल्ली के बाद इसका ठहराव सब्जी मंडी, नरेला, सोनीपत, गन्नौर, समालखां, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला कैंट, राजपुरा जंक्शन, लुधियाना जंक्शन, फगवाड़ा जंक्शन, जालंधर कैंट, टांडा उरमार, दसुइया, मुकरैन, पठानकोट कैंट, कठुआ, हीरानगर, विजयपुर जम्मू, जम्मू तवी, मेजर कैप्टन तुषार महाजन में होगा। ट्रेन 22 कोच की एलएचबी रेक वाली इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी के चार, स्लीपर के सात, एसी थ्री के छह, एसी टू के दो, एसी फर्स्ट का एक और एसएलआर श्रेणी के दो कोच हैं। वापसी में श्री माता वैष्णो देवी कटरा से यह ट्रेन दोपहर 3.20 बजे चलकर अगले दिन दोपहर 12.35 बजे सूबेदारगंज पहुंच जाएगी।

**पांच जनवरी से बदल जाएगा ट्रेन का नंबर :** पांच सितंबर से शुरू हो गई सूबेदार-श्री माता वैष्णो देवी कटरा ट्रेन का नंबर अगले वर्ष पांच जनवरी से बदल जाएगा। सूबेदारगंज से इसका नया नंबर 20433 और वापसी में 20434 रहेगा। वर्तमान में इसका नंबर 14033 सूबेदारगंज और 14034 श्री माता वैष्णो देवी से है।

**सूबेदारगंज से दिल्ली और उसके पहले के स्टेशनों के लिए नॉट अवेलेबल :** जम्मू मेल बृहस्पतिवार से शुरू तो हुई लेकिन इसकी रवानगी के पहले दिन सूबेदारगंज से गोविंदपुरी कानपुर, टूंडला, अलीगढ़ एवं दिल्ली के लिए भी यात्रियों को रिजर्वेशन नहीं मिला। सूबेदारगंज पहुंचे तमाम यात्रियों ने बताया कि जब उन्होंने रिजर्वेशन करवाना चाहा तो आईआरसीटीसी की वेबसाइट और एप में ह्यनॉट अवेलेबलह्ण ही लिखकर आता रहा है।इस बारे में प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन पहले दिल्ली से चल रही थी। सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही ट्रेन के ठहराव वाले सभी रेलवे स्टेशनों के लिए यात्रियों को रिजर्वेशन मिलना शुरू हो जाएगा।

**प्रयागराज से श्री माता वैष्णो देवी कटरा का किराया :**
स्लीपर श्रेणी - 595,थर्ड एसी - 1560 एसी टू - 2225,एसी फर्स्ट - 3775,ट्रेन में उपलब्ध बर्थ की संख्या स्लीपर - 560,एसी थ्री - 432
एसी टू -104,एसी फर्स्ट - 24 ।

## न्यूज झरोखा

### बीएसए ने शिक्षक दिवस पर किया सम्मानित



**सोरांव।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा जिले के प्रत्येक विकास खण्ड से एक-एक उत्कृष्ट शिक्षक का उनके बेसिक शिक्षा के उन्नयन में योगदान हेतु चयन किया गया। वहीं विकास खंड सोरांव के प्राथमिक विद्यालय यूसुफ पुर जिल्ला में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म-दिवस(शिक्षक दिवस) के अवसर पर केक काटकर भव्य जन्म दिन मनाया गया। वहीं विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक अजय सिंह को शिक्षक दिवस के अवसर पर बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा उनके निपुण भारत मिशन के अंतर्गत नवाचार तथा बहुमुखी विकास क्षेत्र के विशिष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित भी किया। बीएसए से सम्मानित सहायक शिक्षक अजय सिंह ने उपस्थित सभी बच्चों संग शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म- दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए भारत भर में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है। 'गुरु' का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व होता है। समाज में भी उनका अपना एक विशिष्ट स्थान होता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा में बहुत विश्वास रखते थे। वे एक महान दार्शनिक और शिक्षक थे। उन्हें अध्यापन से गहरा प्रेम था। एक आदर्श शिक्षक के सभी गुण उनमें विद्यमान थे। इस दिन समस्त देश में भारत सरकार द्वारा श्रेष्ठ शिक्षकों को पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। इस मौके पर वित्त लेखाधिकारी नीतू यादव, खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा, सहित समस्त विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी संग एआरपी सोरांव शशि कांत मिश्रा रहे।

### निराश्रितों के लिए आश्रय बनेगा श्रेया फाउंडेशन



**प्रयागराज।** समाज में दबे कुचले लोगों के सहातार्थ अब श्रेया ग्रुप ऑफ फाउंडेशन ने अपनी भागीदारी सुनिश्चि की है। गुरुवार को इस बात को साझा करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने बताया कि समाज में अपनी जिम्मेदारी को और भी गंभीरता से निभाते हुए, आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए चार नए सामाजिक प्रोग्राम बनाये गये हैं।बताया कि बी. एम.आई. पी. प्रोग्राम के तहत श्रेया आशियाना प्रोग्राम के माध्यम से उन जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहयोग दिया जाएगा जो किराए के मकान में रहते हैं या जिनके पास केवल जमीन है और मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। सी. ई. पी. इस कार्यक्रम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए श्रेया फाउंडेशन उनकी फीस का भार उठाएगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। एच. इ. पी. यह प्रोग्राम उन बच्चों के लिए है जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन आर्थिक तंगी के कारण सक्षम नहीं हैं जी.एम.आई.पी. इस प्रोग्राम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करेगा। फाउंडेशन द्वारा ज्वेलरी या इलेक्ट्रॉनिक सामान देकर गरीब कन्याओं की शादी के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।

### हनुमान चालीसा पाठ के साथ गणपति महोत्सव का भूमि पूजन संपन्न



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में 7 सितंबर से प्रारंभ होकर 13 सितंबर तक चलने वाले यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव का भूमि पूजन गणपति मानस पार्क श्रमिक बस्ती नैनी में विद्वान पुरोहितों के द्वारा वेद विहित रीति से संपन्न कराया गया। भूमि पूजन के उपरांत गणेशोत्सव आयोजन की सफलता के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ गणेशोत्सव के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता महेश मधुकर मंगरूलकर, अध्यक्ष अनिल विश्कर्मा, राजेश सिंह ने हनुमान जी के चित्र का पूजन-अर्चन किया` हनुमान जी की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रणविजय सिंह, आर के शुक्ला आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रेखा श्रीवास्तव, मंजू तिवारी, अनुराग शर्मा, मिहिर सिन्हा, उत्कर्ष शर्मा सौरभ मिश्रा, निखिल पाण्डेय, पिंकी गुप्ता, रिंकी गिरी आदि उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिक्षा सदन कॉलेज में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया



**प्रयागराज।** सरस्वती शिक्षा सदन कॉलेज हंडिया में शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया कार्यक्रम में सहायक अध्यापक आशीष कुमार गुप्ता ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा कर उन्हें प्रोत्साहित किया कार्यक्रम में कक्षा अध्यापकों ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया कार्यक्रम के अंत में शारीरिक शिक्षक लालमणि कार्यवाहक प्रधानाचार्य विजय कुमार सिंह एवं सहायक अध्यापक आशीष गुप्ता ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन को फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस कार्यक्रम में रामचंद्र, विनोद कुमार पाल, ललित कुमार, संतोष कुमार, प्रतिभा यादव, मोहनलाल प्रजापति, जीत लाल सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ रवि भूषण सम्मानित



**लालगोपालगंज।** शिक्षक दिवस के अवसर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज के कार्यालय में जनपद स्तरीय शिक्षक दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज के संयोजन में राजकीय विद्यालयों के अच्छे बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए सम्मान की कड़ी में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी प्रयागराज के प्रधानाचार्य डॉ रवि भूषण को विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 शत प्रतिशत रहने पर शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री दिव्य कांत शुक्ल ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र और शाल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य विद्यालय की धुरी होते हैं। उनके सतत प्रयास से छात्रों का भविष्य उज्ज्वल होता है। जब प्रधानाचार्य एक टीम भावना से कार्य करते हैं तो परिणाम बेहतर ही होता है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज श्री पी ङ्गएन ङ्ग सिंह ने अपने वक्तव्य में बताता कि डाक्टर रवि भूषण एक कर्मठ प्रधानाचार्य हैं। जिनकी मेहनत व लगन से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी प्रयागराज प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले विद्यालयों की श्रेणी में अपना स्थान रखते हैं। प्रधानाचार्य डॉ रवि भूषण ने विद्यालय के परिणाम बेहतर होने का श्रेय अपनी टीम के शिक्षकों को दिया। जिन्होंने निर्देशन में टीम भावना से कार्य करते हुए छात्रों को गाइड किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रयागराज जनपद के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्या के साथ सह जिला विद्यालय निरीक्षक लाल बाबू मौर्या, अजय प्रताप सिंह एवं अजय गिरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

# एमपी बिरला शिक्षा भवन में कजरी महोत्सव का हुआ आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** विलुप्त हो रही कजरी को जीवंत करने के लिए एमपी बिरला शिक्षा भवन छतनाग में कजरी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र- छात्राओं की दादियों, नानियों ने कजरी गीत को जीवंत किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति बीना श्रीवास्तव एवं नीतू श्रीवस्तव उपस्थित रही। आयोजन में कक्षा 1 गरिमा यादव की दादी को मनमोहक कजरी गीत के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रही शिक्षा भवन की प्रबन्धक नीलिमा वर्मा ने बच्चो को बताया कि कजरी पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध लोक गीत है। कजरी की उत्पत्ति मिजार्पुर से हुई है। जो कि आज विलुप्त होने के कगार पर है। इस आयोजन का उद्देश्य कजरी को जीवंत करना था। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या रीता पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य सुरेन्द्र शर्मा, सरिता अग्रवाल, मीनू मिश्र, आशीष यादव, मनोज केसरवानी, ऋषभ त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# स्वागत सभा मे कांग्रेसियो ने चुनाव पर की चर्चा



**झूंसी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी का पुनः राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी प्रयागराज जोन बनने के बाद प्रयागराज में प्रथम आगमन पर राजेश तिवारी का एच.आर. पब्लिक स्कूल दुर्जनपुर झूंसी में महानगर अध्यक्ष प्रयागराज प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में शहर के पदाधिकारी कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। फूलपुर उप चुनाव में समाहित नगर निगम प्रयागराज के अंतर्गत झूंसी के 10 वार्ड अध्यक्षों तथा बूथ कमेटी की समीक्षा की गई और फूलपुर विधानसभा उपचुनाव की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का संचालन दिवाकर भारती ने किया। संयोजक शहर महासचिव इश्तियाक अहमद, स्वागत समारोह की अध्यक्षता प्रदीप मिश्रा अंशुमान जी ने किया ,अपने अध्यक्षता भाषण में अंशुमन जी ने कहा कि जैसे पिछले वर्षों में राजेश तिवारी के नेतृत्व में प्रयागराज जोन का संगठन मजबूत हुआ। और लोकसभा के चुनाव में पार्टी को सफलता दिलाया, फिर से आपके कुशल नेतृत्व में प्रयागराज जोन संगठन मजबूती से अपने कार्य को करते हुए पार्टी को और मजबूती प्रदान करेगा ।और फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में सफलता प्राप्त कर इतिहास दोहराएगा साथ ही साथ 2027 में उत्तर प्रदेश में आम विधानसभा चुनाव में विजय प्राप्त कर अपनी सरकार बनाने में कामयाब होंगे। इस स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से रमेश चन्द्र यादव, राम लखन यादव, विनय पांडेय, पुष्पेंद्र भारतीय, मोहम्मद अलीम, गुलाम ख्वाजा, जितेन्द्र भारतीय, सुजीत भारती, छोटेलाल भारती, संजय भारती, शिवम पासी, फोटो देवी, नगीना वर्मा, सरिता देवी, गुलाबी देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी, विटोला देवी, सौरभ श्रीवास्तव, इशरत अहमद, मुस्ताक बाबा, रमेश हरिजन, राजकुमार बिन्द, अनिल बाबा, माता दीन भारती, लालचंद भारती, अरविंद पांडेय, आफाक अहमद, मेराज मलिक, आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## जीवन में ज्ञान का दीप जलाते हैं शिक्षक डॉ रमेश चंद्रा

### प्रबंधक एवं अध्यापक व अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के रीवा रोड डभाव स्थित सत्यम गर्ल्स इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के द्वारा विद्यालय के प्रबंधक सहित 25 अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को सर्टिफिकेट व उपहार देकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में क्लब के डायरेक्टर डॉक्टर रमेश चंद्र ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक शिक्षक ही हमारे जीवन में ज्ञान का दीप जलाते हैं, और छात्रों के जीवन को प्रकाशित कर उनके मार्ग को प्रशस्त करते हैं। एक अध्यापक का स्थान सर्वोपरि है क्योंकि उन्ही के ज्ञान से हम अपने जीवन में कुछ बन पाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक सत्या पांडे को क्लब की अध्यक्षा लायन अल्पना वर्मा ने अंग वस्त्रम व उपहार देकर सम्मानित किया वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेंद्र शुक्ला को एम जे एफ लायन डॉ रमेश चंद्रा ने अंग वस्त्रम व उपहार से सम्मानित किया शेष अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को क्लब से आए हुए सदस्यों ने मिलकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों में लायन सुधा गुप्ता, सरिता पटेल, कविता वर्मा, सविता, यस वी गुप्ता एवम विनोद कुमार सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# महाकुम्भ की भव्यता बढ़ाने को लेकर मेला प्राधिकरण ने आईआईटी कानपुर की टीम को रिसर्च स्टडी लिए आबद्ध किया



**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 की भव्यता को बढ़ाने तथा आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को और सुगम बनाने के दृष्टिगत प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने आईआईटी कानपुर की टीम को रिसर्च स्टडी करने के लिए आबद्ध किया है जिसका एमओयू सितंबर 2024 के अंत तक हो जाएगा। इस रिसर्च स्टडी के अंतर्गत आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर्स की टीम अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करते हुए मेला प्रबंधन को और बेहतर कैसे किया जा सकता है इस पर सम्बन्धित अधिकारियों एवं स्टेक होल्डर्स का मार्गदर्शन भी करेगी। पुलिस अपर महानिदेशक भानु भास्कर की अध्यक्षता तथा मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, मेलाधिकारी, विजय किरन आनंद तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित ट्रिपलसी सभागार में हुई बैठक में आज इस पर विस्तृत चर्चा की गई। इस रिसर्च स्टडी के अंतर्गत आईआईटी कानपुर की टीम से पुलिस सिक्योरिटी एवं उनके डिप्लॉयमेंट प्लान्स, ट्रैफि क एवं श्रद्धालुओं के मूवमेंट एक्सपीरियंस, मेले संबंधित सभी कार्यों की प्लानिंग, ऑगेर्नाइजेशन एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्ट्रेटेजीज तथा मेले के सोशियो इकोनॉमिक इम्पैक्ट के बारे में रिसर्च कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। साथ ही यह टीम इन विषयों पर 5 कॉन्फ्रेंस, 5 वर्कशॉप्स, 10 एकेडेमिक जर्नल के साथ साथ एक अंतरिम एवं एक विस्तृत रिपोर्ट भी देगी।बैठक में मेला अधिकारी ने आई ट्रिपल सी के सहयोग से पिछले कुंभ मेले में किये गये प्रयोगों तथा 2025 के दृष्टिगत अब तक बनाई गयी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण भी किया। इसके अंतर्गत महाकुंभ 2025 हेतु बनाये जा रहे एआई चैट वॉट कुंभ-ई-मित्र की प्रगति के बारे में भी जानकारी दी गई जिसके अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाए गए भाषिनी ऐप का प्रयोग करते हुए 22 भारतीय भाषाओं में संवाद करना संभव होगा। इस ऐप के माध्यम से स्पीच-टू-टेक्स्ट एवं टेक्स्ट-टू-स्पीच सर्च एवं संवाद भी संभव होगा। मेला प्रशासन पहले ही मेला क्षेत्र का गूगल मैप इंटीग्रेशन, सारे टेन्टेज एवं शौचालयों का आइसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग तथा 4000 हेक्टेयर मेला क्षेत्र एवं 1800 हेक्टेयर पार्किंग लॉट का आई ट्रिपल सी के माध्यम से मॉनीटरिंग करने का प्लान बना चुका है। बैठक में पुलिस अपर महानिदेशक एवं मण्डलायुक्त ने साइबर सेफ्टी एवं सिक्योरिटी के सम्बन्ध में टीम से एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का भी अनुरोध किया जिससे यहां की सेफ्टी एवं सर्वेलन सिस्टम को और बेहतर बनाया जा सके।

## शिक्षक के बिना जीवन सार्थक नहीं : तीर्थराज विश्वकर्मा

**प्रयागराज।** शिक्षक दिवस के अवसर पर गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कालेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महान शिक्षाविद, पूर्व राष्ट्रपति, 'भारत रत्न' डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। शिक्षक सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रबंधक तीर्थराज विश्वकर्मा ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया।सम्मानित शिक्षकों में अमृतलाल यादव, राकेश कुमार यादव, अशोक कुमार सेन, सुनील विश्वकर्मा, अखिलेश कुमार, राकेश कुमार, युवराज यादव, सूर्यबली, अश्विनी कुमार, रोहित यादव, चंद्रशेखर, अरुण कुमार, प्रियांशू, सीनू शुक्ला एवं अंजली आदि रहे।विद्यालय के प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है, शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बेहद आवश्यक होता है भारत मनीषियों का देश रहा है यहां गुरु-शिष्य की परंपरा सदैव अनुकरणीय रही है। विद्यालय के शिक्षकों ने समारोह में उपस्थित छात्र/छात्राओं को महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से परिचित करवाया एवं अपने अनुभव से बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार ने किया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# चयन आयोग की पहली बैठक में कई निर्णय

**उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार, 21 बिंदुओं पर हुआ मंथन**



**प्रयागराज।** डीएलएड अभ्यर्थियों के हंगामे के बीच आज गुरुवार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष प्रोफेसर कीर्ति पांडेय ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ही उन्होंने आयोग के सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। पहली बैठक के एजेंडे के 21 बिंदुओं पर विस्तार से वार्ता कर अहम निर्णय लिए गए।अध्यक्ष ने आयोग के कैलेंडर के लिए एक समिति बनाई है, जिसे 10 दिन में रिपोर्ट देनी होगी। रुकी भर्तियों को पूरी करने के लिए विस्तृत रूपरेखा के साथ रिपोर्ट मांगी है कि कब से इस पर कार्य किया जा सकता है? अब बेसिक, एडेड माध्यमिक, एडेड महाविद्यालयों एवं कई और शिक्षण संस्थानों में शिक्षक भर्तियां करने के लिए गठित अब एक्टिव मोड में आ गया है।

**अनुमोदन के लिए शासन में भेजी जाएगी सात रिपोर्ट :** इस आयोग को क्रियाशील करने के लिए पहले ही बनाई गई 9 कमेटियों में से 7 की रिपोर्ट आयोग की बैठक में रखी गई। इसे अनुमोदन के लिए सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। दो कमेटियों की रिपोर्ट इसलिए तैयार नहीं थी क्योंकि उसमें शामिल दो अधिकारियों का स्थानांतरण हो चुका है। ऐसे में अध्यक्ष ने नए सिरे से कमेटी बनाने के निर्देश दिए। एक कमेटी में आयोग के सचिव और दूसरी में वित्त नियंत्रक रहेंगे।

**अब प्रत्येक सप्ताह होगी मीटिंग:** आयोग के एक्ट के अनुसार हर सप्ताह मीटिंग आयोजित की जाएगी। आयोग की वेबसाइट/पोर्टल को लेकर विधिक परीक्षण का निर्णय लिया गया। रुकी भर्तियों में 138 असिस्टेंट प्रोफेसर तथा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक-2011 जीव विज्ञान तथा 2016 कला विषय में साक्षात्कार को लेकर सकारात्मक निर्णय लिए। इस संबंध में विस्तृत रूपरेखा मांगी है, जिसके आधार पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने पर निर्णय लिया जाएगा।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2005 का अंक प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1504495 वास्तव में खो गया है।

**वीरेंद्र कुमार मौर्य पुत्र श्री राम अधार मौर्या ग्राम गड़िया मुरलीपुर पोस्ट पैतिहा कोरांव प्रयागराज।**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश वर्ष 2013 का हाई स्कूल का रिजल्ट रोल नम्बर-2248573 वा सर्टिफिकेट नम्बर-57013058 घर से बाजार जाते वक्त रास्ते में कहीं खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है।

**प्रार्थी**

**आकाशदीप पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट अलवारा थाना महेवा घाट जनपद कौशाम्बी।**

## आग से जली नकदी, जेवरात व घरेलू सामान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सार्टसर्किट से लगी आग से गृहस्थी के लाखों के सामान, नकदी व जेवरात जलकर राख हो गये। ग्रामीणों ने खासी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर बाजार निवासी जितेन्द्र सरोज पुत्र योगेन्द्र सरोज के घर में बुधवार की रात सार्टसर्किट से आग लग गयी। घर में आग की लपटे उठती देख घर के लोग शोर मचाते हुए भागकर बाहर निकले। शोर सुनकर ग्रामीण भी पहुंच गये। ग्रामीणों के सहयोग से खासी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक पीडित की गृहस्थी के लाखों के सामान व जेवरात जलकर राख हो गये। पीडित के अनुसार आगजनी से घर मे रखी तीन हजार की नकदी, लाखों के जेवरात, फ्रिज व बाइक, टीवी, कपड़ा बर्तन आदि भी जल गये।

# गुरु को ब्रह्मा विष्णु महेश का मिला दर्जाः सीडीओ

## तुलसी सदन में 18 शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर तुलसी सदन हादीहाल में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा ने शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद प्रतापगढ़ के प्रत्येक ब्लॉक से शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक-एक शिक्षकों को कुल 18 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देव महेश्वरा गुरु साक्षात परम ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः। उन्होंने कहा कि गुरु की महिमा का बखान सदियों से हो रहा है।

बीएसए भूपेंद्र सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि हमारे जनपद के लिए आज गौरव का दिन है कि राष्ट्रीय स्तर पर एवं राज्य स्तर पर दो शिक्षक हमारे जनपद प्रतापगढ़ से सम्मानित हो रहे हैं यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है। बीएसए के आदेश के अनुपालन में रामकुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल पूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुशील कुमार सिंह जिला स्काउट मास्टर मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील त्रिपाठी, बंशीधर पांडे, सुरेश सिंह, अमित कुमार पांडे, डीसी निर्माण प्रदीप यादव, डीसी ट्रेनिंग योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ बाबू बृजेश चंद्र तिवारी, आबिद एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ए.आर.पी. धर्मेंद्र ओझा ने किया।


सम्मानित शिक्षकों के साथ सीडीओ व बीएसए।

## शिक्षक दिवस की जिलाधिकारी ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी शिक्षक बंधुओं को शुभकामना दिया। प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ डॉ मो अनीस व एआरपी धर्मेंद्र ओझा ने जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़ को बुके भेंट कर शिक्षक दिवस की शुभकामना दिया। इस अवसर पर डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मो अनीस व एआरपी धर्मेंद्र ओझा को जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवम् हर घर तिरंगा आदि कार्यक्रम में विशेष सहयोग व योगदान एवं दिए गए कार्यों और निर्वहन के लिए जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## माताओं को सावित्री बाई फुले सम्मान से नवाजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शिक्षक दिवस के मौके पर भंगवा गांव में आयोजित समारोह में टीचर्स के साथ साथ बच्चों की शिक्षा में बढ़ चढ़कर अपना योगदान दे रही माताओं को सावित्रीबाई फुले सम्मान से नवाजा गया। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बच्चों को संस्कारवान उक्त शिक्षा देने के साथ साथ उन्हें देश का भावी नागरिक बनाने की दिशा में प्रयासरत ऐसी पांच माताओं और दो टीचरों शनि सरोज और दामिनी को शाल और सावित्री बाई फुले का कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश की पहली महिला टीचर सावित्री बाई फुले थी। जिन्होंने खासकर महिलाओं की शिक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया था। कार्यक्रम का संचालन छात्र आर्यन प्रजापति और लाजू विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रिया,सिमरन, अंकित, सत्यम, राधिका,मुस्कान, अंश कुमार, सचिन समेत कई छात्र छात्राओं ने मिलकर केक काटा। इसके पूर्व पुष्प वर्षा से माताओं और टीचरों का स्वागत किया गया।

# प्रत्येक बूथ से दो सौ सदस्य बनाने का भाजपा का लक्ष्य

## हरिपैलेस में भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने की प्रेसवार्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की प्रेसवार्ता हरिपैलेस के सभागार में सम्पन्न हुई। प्रेस वार्ता में बतौर मुख्यवक्ता प्रदेश महामंत्री, काशी क्षेत्र प्रभारी, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्यता के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि अल्पसंख्यक पिछडों खेत खलिहान के मजदूरो किसानो तक चलाया जायेगा। सदस्यता अभियान और प्रत्येक बूथ से 200 सदस्य बानाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 2024 भाजपा का संगठन वर्ष है, जिसके लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।



प्रेसवार्ता में बोलते भाजपा के राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य।

उन्होंने कहा कि अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में जनपद में मेरे द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। 31 अगस्त 2024 को हमने सभी बूथ समितियों की तैयारी बैठक की है। इसके निमित्त जिला स्तर और मंडल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जा चुकी हैं। सदस्यता अभियान दो चरणों में चलेगा। प्रथम चरण 02 सितम्बर से 25 सितम्बर तक और द्वितीय चरण एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। भाजपा की सक्रिय सदस्यता अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि सक्रिय सदस्यता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम 100 सदस्य अवश्य बनाने होंगे। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा प्रत्येक रविवार को अटल सदस्यता पर्व मनायेगा। यह वर्ष अटल जी का शताब्दी वर्ष भी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य पूर्व सांसद संगम लाल, पूर्व मंत्री मोती सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, राम शिरोमणि शुक्ल, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल एवं जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से महिला झुलसी, ग्रामीणों में आक्रोश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मवेशियों का चारा लेकर घर लौट रही महिला रास्ते में एलटी लाइन के लटक रहे तार की चपेट मे आने से गंभीर रूप से झुलस गयी। जानकारी होते ही परिवार के लोग ग्रामीणों के सहयोग से उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज ले आये। यहां उसका इलाज चल रहा है। इधर महिला के करंट की चपेट मे आने से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश पनप उठा है। लालगंज कोतवाली के लखनसेनपुर राजापुर गांव निवासिनी पचपन वर्षीया अनारा देवी पत्नी स्व0 दयाराम गुरूवार की दोपहर मवेशियो के लिए चारा लेकर घर लौट रही थी। गांव रास्ते पर लटक रहे एलटी लाइन के तार की चपेट मे आने से वह करंट से गंभीर रूप से झुलस गयी। उसकी चीख सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़े। सूचना पर परिवार के लोग व गांव के अन्य लोग भी जुट गये। आननफानन मे महिला को लेकर लोग ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां गंभीर दशा में उसका इलाज चल रहा है। इधर घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी लटक रहे विद्युत तार को विभाग द्वारा ठीक नही कराया जा रहा है। इससे हर पल गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। एसडीओ मनोज त्रिपाठी का कहना है कि विद्युत पोल की दूरी अधिक होने के कारण तार लटक गये हैं इसे दुरूस्त कराने के लिए जेई को निर्देशित किया गया है।

# रेलवे ट्रैक में गड़बड़ी मिलने से नाराज डीआरएम ने लगाई फटकार

## सिग्नल एसएससी और पीडब्लूआई को जम्मू कश्मीर भेजने का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन की पटरियों का निरीक्षण कर रहे डीआरएम लखनऊ ने गड़बड़ी मिलने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इसके लिए जिम्मेदार सिग्नल एसएससी और पीडब्लू आई को फटकार लगाते हुए दोनो को जम्मू कश्मीर भेजने का निर्देश दिया है। उनके तेवर से बाकी कर्मचारी सकते में आ गए।

गुरुवार को दोपहर डीआरएम लखनऊ के अफसरों के साथ स्पेशल ट्रेन से मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ पहुंचे। उन्होंने वीआईपी गेस्ट हाउस के सामने डायमंड क्रासिंग को चेक करना शुरू किया। सूत्रों की मानें तो ट्रैक में काफी खामियां मिली। नट बोल्ट बेतरबी से लगे थे। सिग्नल विभाग की तरफ से ढेर सारी गड़बड़ी मिलने पर उन्होंने सबके सामने दोनो को खरी खोटी सुनाई। उन्होंने लखनऊ के उच्च अधिकारियों को दोनो लापरवाह कर्मचारियों को यहां से हटाकर जंबू कश्मीर भेजने की बात कही है।


पटरियों की निरीक्षण करते डीआरएम।

# नागरिक शिक्षित हो तो देश पहुंचता है शिखर परः बीएसए

## 59 परिषदीय शिक्षकों को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित लीला पैलेस में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिला जज सुमित पवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विद्यालय डेरवा के प्रधानाध्यापक प्रभा शंकर पांडे ने किया।

मां भारती व सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह एवं अपर जिला जज द्वारा जिले के कुल 59 परिषदीय शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीएसए ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करना उसका मौलिक अधिकार है। जब देश का हर नागरिक शिक्षित होता है तो देश उन्नति के शिखर पर पहुंच जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि पूरा शिक्षक समाज बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अपर जिला जज सुमित पवार ने कहा कि गुरु का महत्व ईश्वर से भी बढ़कर है। गुरु की महिमा का वर्णन शब्दों के माध्यम से नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ प्रयागराज मंडल के मांडलिक मंत्री अनिल पांडे, जिला कोषाध्यक्ष राजेश पांडे, पंकज तिवारी, अजीत कुमार, रामानंद, अरुण पति, प्रभात कुमार मिश्रा, राजेंद्र पटेल, संतोष कुमार मिश्रा, निर्भय सिंह, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।


शिक्षकों को सम्मानित करते बीएसए व अपर जिला जज।

## समाजसेवी रोशनलाल दिल्ली में हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल कोर्ड की बैठक दिल्ली के होटल द लोहोद में संपन्न हुई। अध्यक्षता इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सरिता वर्मन ने की। बैठक में क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने पांच माह में किए गए कार्यों की पूरी बुकलेट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट को भेट की। क्लब द्वारा किए गए पौधरोपण, दिव्यांगों की सहायता, बेलकम बिटिया अभियान, सैनिक भाइयों को राखी का प्रेषण, वृद्धाश्रम आदि में किए गए सेवा कार्यों की इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सरिता वर्मन ने प्रशंसा कर सम्मानित किया। सम्मान की खबर पाकर क्लब के पदाधिकारियों ने बधाई दी। बधाई देने वालों में डॉक्टर दयाराम मौर्य रत्न, राजीव कुमार आर्य, आनंद मोहन ओझा, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आशीष कुमार, विवेक कुमार, आदर्श उमरवैश्य, रेखा उमरवैश्य, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, डॉ0 शाहिदा, ज्योति आदि ने बधाई दी।


रोशनलाल को सम्मानित करते पदाधिकारी।

# नेशनल हाइवे फुटपाथ पर छप्परनुमा निर्माणाधीन टटिया में लगी आग, हडकंप

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नेशनल हाइवे के फुटपाथ पर तैयार की जा रही दुकान की छप्परनुमा टटिया में अचानक आगजनी से हडकंप मच गया। विद्युत उपकेन्द्र के ठीक सामने अचानक आगजनी से कस्बे के लोग भयभीत हो उठे। वही विद्युत उपकेंद्र के साथ ही हाइवे के दूसरे छोर पर ट्रामा सेण्टर के भी होने से घटना को लेकर नेशनल हाइवे अथारिटी तथा स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से लोग नाराज भी दिखे। लालगंज बाजार में बुधवार की रात करीब सवा दस बजे प्रतापगढ़ मार्ग पर विद्युत उपकेन्द्र के सामने निर्माणाधीन छप्पर मे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग की लपटें छप्पर के ऊपर से गुजर रहे तार में भी पहुंच गयी। घटना की भयावह की आशंका में लोगों में अफरातफरी मच गयी। आग की लपटों में घिरी दुकान के ऊपर से एचटी लाइन का तार भी गुजरा है। आननफानन मे लोगों ने घटना की सूचना फायर बिग्रेड को दी। फायर बिग्रेड ने फौरन घटनास्थल पहुंचकर आग को नियंत्रित किया। आगजनी देख डायल एक सौ बारह पुलिस भी वहां पहुंच गयी। इधर आग की लपटे देख ट्रामा सेण्टर मे मौजूद मरीजों के तीमारदार भी कस्बेवासियों के साथ परेशान हो उठे दिखे। घटना को लेकर गुरूवार को कस्बे में आम चर्चा देखी सुनी गयी कि बिजली उपकेंद्र और ट्रामा सेण्टर होने के बावजूद एनएच के फुटपाथ पर दर्जनों झुग्गी झोपड़ियां जानलेवा दुर्घटनाओं को दावत दे रहीं हैं। इस बाबत एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि एनएच पर अतिक्रमण को लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों को कडे निर्देश दिये जाएंगे। स्थानीय प्रशासन के जरिए भी जल्द ही अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

# उत्पीड़न कार्रवाईयों पर गरजे अधिवक्ता, नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन

## कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या पर आक्रोश, कामकाज का किया बहिष्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कासगंज में महिला अधिवक्ता की बर्बर हत्या तथा तहसील में भी साथी अधिवक्ताओं के लगातार उत्पीडन को लेकर गुरूवार को अधिवक्ताओ में आक्रोश पनप उठा। अधिवक्ताओ ने नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। वहीं न्यायिक कामकाज का भी बहिष्कार किया। स्थानीय तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की आम सभा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई।

आमसभा में प्रदेश के कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की अगवा कर हत्या की घटना सुनकर वकील भड़क उठे। वही तहसील के दिवंगत अधिवक्ता पदमाकर पाण्डेय के सांगीपुर बाजार स्थित मकान पर अवैध कब्जे को लेकर भी साथियों में गुस्सा दिखा। आम सभा में घटनाओ के विरोध में न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित हुआ। अधिवक्ताओं ने नेशनल हाइवे से सटे तहसील गेट पर पुलिस व प्रशासन के खिलाफ घंटो नारेबाजी की।

इसके बाद आक्रोशित वकील नारेबाजी करते एसडीएम अदालत के सामने पोर्टिको में पहुंचे। वकीलों ने चेंबर में मौजूद एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को प्रस्ताव सौपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता के मकान पर अवैध कब्जे की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। एसडीएम ने तहसीलदार से वार्ता कर समस्या के समाधान कराए जाने के निर्देश दिये। इसके बाद वकीलों का गुस्सा शांत हुआ। कामकाज के बहिष्कार के चलते अदालतों में सन्नाटा पसरा दिखा। आम सभा का संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला व संयोजन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल महेश, संतोष पाण्डेय, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, शिवरंजन यादव, हरिश्चंद्र पाण्डेय, सिंटू मिश्र, केके शुक्ला, शिवेन्द्र तिवारी, राहुल मिश्र, विपिन शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# केंद्र बंद कर पोषाहार लेने कार्यकत्री पहुंची लालगंज

## समूह की जिम्मेदारी फिर भी कार्यकत्रियां परेशान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केंद्र को बंद कर आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियां पोषाहार लेने लालगंज पहुंच गई। जबकि पोषाहार लेने से लेकर वितरण तक की जिम्मेदारी समूह की है,फिर भी कार्यकत्रियां केंद्र के संचालन के समय पोषाहार ढोने में व्यस्त दिखाई देती है। वहीं सीडीपीओ भी नियमों की अनदेखी कर लापरवाह कार्यकत्रियों के समर्थन में बात करते नजर आए।

स्थानीय विकास खंड में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र दुर्दशा के आंसू बहाते हुए दिखाई दे रहे है। केंद्रों की हालत यह है की बच्चे तो कही नजर ही नहीं आते है। किसी केंद्र पर ताला लटकता है तो कहीं सहायिका आई है तो कार्यकत्री नही आई है और कही कार्यकत्री आई है तो सहायिका गायब है। कुछ ऐसा ही नजारा बुधवार को देखने को मिला। कौशिल्यापुर के चकवा केन्द्र पर सहायिका मौजूद थी लेकिन कार्यकत्री गायब थी। सहायिका ने बताया की राशन लेने लालगंज गई हुई है। अब देखो केंद्र संचालन के समय वह अपनी नैतिकता छोड़कर दूसरे की जिम्मेदारी में सहभागिता करने गई है। जबकि पोषाहार लेने से लेकर वितरण तक की जिम्मेदारी समूह की है। ग्राम पंचायत अर्जुनपुर के देवापुर केंद्र पर ताला लटक रहा था। लखनसेनपुर केंद्र पर सहायिका ही दिखाई दी। केंद्रों पर हो रही लापरवाही पर अधिकारी भी मौन है। ग्रामीणों की माने तो केंद्र कब खुलते है और कब बंद हो जाते है यह कोई नही जान पाता है। लापरवाही को लेकर सीडीपीओ से शिकायत भी की जाती है लेकिन मनमानी पर कोई असर दिखाई नही देता है। इस संबंध में सीडीपीओ उदय कुमार ने बताया कि राशन वितरण के समय समूह वह कार्यकत्रियों दोनो को बुलाया जाता है, न बुलाने पर कम-ज्यादा पोषाहार को लेकर दोनो आपस में लड़ाई करती है।

# एलआईसी की वर्षगांठ पर श्रेष्ठ अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम की यूनिट 31102 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्या के संयोजन में एल0आई0सी0 की स्थापना की 68वीं वर्षगांठ मनाई गई। सर्व प्रथम दीप प्रज्वलन करके समारोह का शुभारंभ किया गया। उक्त अवसर पर समारोह के प्रमुख अतिथि अपर जिला जज/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने विधिक सेवा प्राधिकरण की व्यवस्था पर प्रकाश डाला तथा लोक अदालत के जरिए विवादों के निस्तारण के संबंध में व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए सभी को आमंत्रित किया। अपनी उपलब्धियों से कीर्तिमान बनाने वाले श्रेष्ठ अभिकर्ताओं रेखा मौर्य, ओम प्रकाश कोरी, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र शुक्ला, लक्ष्मण प्रसाद बरनवाल, राम आजीवन वर्मा, राघव सिंह, संजीव शर्मा को प्रशस्ति पत्र, घड़ी, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्य प्रबंधक डी0एम0 कैडर दीपक चावला ने अपने विचार रखे। इस मौके पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार मिश्र डिप्टी मैनेजर, सहायक प्रबंधक आशीष मौर्या, पूर्व बाल न्यायाधीश व वरिष्ठ साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य, अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने भी अपने विचार रखे। संचालन एवं आभार विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर लीलावती सरोज, राकेश कनौजिया, सुनील कुमार सिंह, सीमा दीवान, ओम प्रकाश शुक्ला, विकास गुप्ता, विनय कुमार सिंह, राम सिंह यादव, राज कुमार तिवारी, विनय पांडेय, सालिक राम मौर्य, राम प्यारी आदि उपस्थित रहे।


वर्षगांठ कार्यक्रम में बोलते मुख्य अतिथि।

# शिक्षकों शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र पुस्तके देकर डीएम ने किया सम्मानित

## जिलाधिकारी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को दी हार्दिक शुभकॉमनायें

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की उपस्थिति में उदयन सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं डायट प्राचार्या सुश्री निधि शुक्ला द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के माध्यम से आये हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी को शिक्षकों को हार्दिक शुभकॉमनायें दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की महत्वपूर्ण कड़ी है, शिक्षकों की मेहनत का ही फल है कि आज हम सब लोग इस स्तर पर पहुँचे हैं। अपने छात्र-छात्राओं को इसी प्रकार शिक्षा प्रदान करें, जिससे वे अपने जीवन में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकें। उन्होंने शिक्षको से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किये



जा रहें अच्छे कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय, जिससे अन्य लोग भी लाभान्वित हों सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने शैक्षिक कार्यों को जॉब के रूप में न मानकर बल्कि एक समाज सेवक के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि बच्चों में सोचने, समझने तथा वैज्ञानिक सोंच जागृत करें। बच्चों को अधिक से अधिक सवाल पूँछने के लिए प्रेरित किया जाय, बच्चों को हतोत्साहित न किया जाय। बच्चें जब सवाल पूँछते है तो कोई सवाल ऐसा भी होता है, जिसका जवाब हम सबको भी पता नहीं होता, तो बच्चो को हतोत्साहित न कर सवाल का जवाब पता कर बच्चों को बताया जाय, इससे बच्चां की जिज्ञासा बढ़ती चली जाती है। बच्चों में व्यवहारिक तरीके से सोचने समझने की भी समझ विकसित किया जाय। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के अध्ययनरत विद्यार्थियों का दिन-प्रतिदिन सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों के अथक प्रयास, पूर्ण तनमयता और सम्पूर्ण लगन से विगत तीन महीनों में जनपद के विद्यालयों में बेहतर सुधार देखने को मिला हैं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि थोड़ा और प्रयास यदि हो जायेंगा, तो शीघ्र ही जनपद निपुण जनपद की श्रेणी में आ जायेंगा। मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने शिक्षकों के सम्मान में गुरू महिमा का वर्णन करते हुए विश्वामित्र, बालमीकि, चाणक्य का उदाहरण देते हुए शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। प्राचीन काल की शिक्षा को आज के आधुनिक युग की शिक्षा पद्धति से तुलना करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने पर विशेष बल देते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि शिक्षकों का राष्ट्र निर्माण में सबसे अहम रोल होता है। अबोध बालकों का निर्माण शिक्षक द्वारा ही किया जाता है। बच्चे तो कुम्हार की मिट्टी के समान होते हैं, जिसे शिक्षकों द्वारा ही आकार दिया जाता है। साथ ही यह भी कहा कि शिक्षकों के द्वारा ही इतिहास में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। नवाचार हो, विज्ञान हो, संस्कृति का विकास हो, समाजिक प्रशासनिक, राजनैतिक शास्त्र हो सभी में शिक्षकों द्वारा ही परिवर्तन हुआ है। इसलिए शिक्षक व्यक्ति नहीं विचार है, स्वभाव है, विज्ञान है जो हर समय, हर जगह उपलब्ध होता है। आदिकाल से वर्तमान तक विकास की अवधारणा शिक्षकों द्वारा ही लिखी गयी है। शिक्षक समारोह के अवसर पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के विकास खण्ड चायल से 09, मंझनपुर-13, कड़ा-07, मूरतगंज-10, सरसवॉ-07, सिराथू-12 एवं नेवादा से 10 शिक्षक/ शिक्षिकाओं/ स्पेशल एजूकेटर, वार्डेन/ शिक्षामित्र/ अनुदेशकों को अंगवस्त्र, प्रेरणादायक पुस्तकें एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य जी0आई0सी0 राजू यादव, समस्त जिला समन्वयक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## विक्षिप्त महिला को भी नही छोड़ रहे वहशी दरिंदे

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा में एक रोंगटे खड़ी करने वाले वहशियों की करतूत चर्चा का विषय बन गई। जानकारी के अनुसार वार्ड नम्बर 2 कुम्हर गड़वा तालाब के समीप बुधवार दोपहर 2 कमांध युवक एक विक्षिप्त महिला से सामूहिक दुष्कर्म कर रहे थे महिला के शोर मचाने पर खेतों में कार्य करने वाले किसान ,महिलाएं बच्चे एकत्र हो गए मौके पर जा कर देखा तो 2 युवक एक विक्षिप्त महिला से गलत कार्य कर रहे थे, लोगों ने दोनो युवकों को पकड़ लिया और जमकर खातिरदारी की। मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मारपीट के दौरान युवक एक दूसरे पर आरोप लगा रहे थे कि तू लाया मै तो गांजा पीने चला गया था। मारपीट के बाद लोगों ने दोनो युवकों को छोड़ दिया। मारपीट के दौरान कमांध युवकों ने बताया विक्षिप्त महिला देशी शराब ठेके के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में टहल रही थी दोनो युवक शराब और दूसरे नशे के फिराक में थे विक्षिप्त महिला को बहला फुसलाकर भैरम बाबा वाले सुनसान इलाके में ले गए मौका देख दुष्कर्मी अपने नापाक कार्य में जुट गए। दोनो कमांध युवक अझुवा चौकी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं वहीं अझुवा चौकी पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है ।

# शिक्षक दीपक के समान होते हैं जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते हैं : सीमा पवार

**● रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के केपीएस भरवारी, भीटी, एनडी कान्वेंट, एवं रिद्धि सिद्धि कॉलेज में भव्य शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन**

**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरूआत मां सरस्वती की आराधना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें सभी उपस्थितों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। शिक्षकों को पुष्पमाला अर्पित कर उनका सम्मान किया गया और उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें संगीत, नृत्य और नाटक ने समां बांध दिया। छात्रों ने अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रेरणादायक भाषण दिए और विभिन्न कला माध्यमों से अपने विचार प्रकट किए। इन प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन



किया, बल्कि शिक्षा और संस्कारों की महत्ता को भी उजागर किया। संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने समारोह में शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए विशेष पुरस्कार वितरण किया , जो उनके अथक परिश्रम और शिक्षा क्षेत्र में अद्वितीय योगदान का प्रतीक था। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी बोध कराते हैं। संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने इस अवसर पर कहा शिक्षक दीपक के समान होते हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते हैं। उनका योगदान अमूल्य है, और उनके द्वारा किया गया मार्गदर्शन छात्रों के जीवन में हमेशा के लिए प्रभाव छोड़ता है समारोह का समापन राष्ट्गान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्र जी,प्रिंसिपल एस पी सिंह प्रिंसिपल रमेश श्रीवास्तव प्रिंसिपल राम सुख सुभाष शुक्ला विपुल पांडे कोऑर्डिनेटर नितेश एवं समस्त संस्थानों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# डायट में सुरक्षा संरक्षा प्रशिक्षण का द्वितीय बैच प्रारंभ

**कौशाम्बी।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में तीन दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा संबंधी प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक सुश्री निधि शुक्ला के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डायट प्राचार्य ने जीवन में सुरक्षा एवं संरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा घर से लेकर विद्यालय तक आज के समाज की आवश्यकता है। वर्तमान परिवेश में विभिन्न प्रकार की घट रही घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। विद्यालय के बच्चों में सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति चेतना जागृत करना शिक्षकों का मूल कर्तव्य है। नोडल प्रवक्ता डॉक्टर अनामिका सिंह ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों पर संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता डॉ श्रद्धा तिवारी



प्रोफेसर भवंस मेहता महाविद्यालय ने जलवायु के विभिन्न मुद्दों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किये ।जलवायु परिवर्तन के घातक परिणाम पर विस्तृत चर्चा की। उक्त परिणाम के बचाव के लिए विद्यालय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई। जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण मानव है तथा उसकी घातक परिणामों का प्रभाव समस्त जीव जंतुओं पर पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन की परिणामों से किस प्रकार विद्यालय स्तर पर बच्चों और स्वयं को सुरक्षित रखा जाए इस पर विस्तार से चर्चा की गई। जलवायु परिवर्तन के कारण आ रही आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन किस प्रकार किया जाए इस विषय पर अपनी बात रखी। नोडल प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र ने अंतिम सत्र खुला मंच में प्रतिभागियों की शंका का समाधान किया प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में डॉ संदीप तिवारी, डॉ नारेंद्र कुमार, डाक्टर देवेश सिंह,सुश्री शबनम सिद्दकी एवं डॉ0 प्रमोद सेठ , शबीह मुस्तफा के द्वारा विचार प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुरेश चंद्र मिश्र द्वारा किया गया।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

## शिक्षा हमारे जीवन को जब तक सही दिशा प्रदान नहीं करती तब तक हम वास्तव में शिक्षित नहीं कहे जा सकते

**भरवारी कौशाम्बी** राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद महाविद्यालय की तृतीय वर्ष की छात्रा पूर्णिमा पांडे एवं तान्या केसरवानी द्वारा माता सरस्वती की वंदना की गई। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक संदीप सक्सेना तथा पूर्व प्राध्यापकों डॉ. सुशील कुमार श्रीवास्तव पूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ. कल्याण चंद्र मिश्र पूर्व विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान और डॉ. अवधेश अग्निहोत्री पूर्व विभागाध्यक्ष समाज शास्त्र का प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्रम प्रदान कर सम्मान किया गया। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा आयोग प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या 46 के तहत चयनित प्राध्यापकों डॉ मोहम्मद आदिल इतिहास डॉ. अनुज तिवारी वनस्पति विज्ञान डॉ. राहुल राय अर्थशास्त्र डॉ. सी .पी श्रीवास्तव हिंदी डॉ .धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी हिंदी एवं डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय जीव विज्ञान का भी सम्मान प्रबंधक आमंत्रित अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम प्रदान कर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विविध



कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अंजलि तिवारी ने शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला तो वहीं बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र कृष्णमूर्ति सिंह ने अपने विचार बड़े ही ओज पूर्ण ढंग से रखा। इसके बाद बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्रा तनु केसरवानी ने नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षक के स्वरूप में बदलाव विषय पर अपने विचार प्रकट किया। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉ अवधेश अग्निहोत्री ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन को जब तक सही दिशा प्रदान नहीं करती तब तक हम वास्तव में शिक्षित नहीं कहे जा सकते। प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव ने कहा शिक्षक के कर्तव्य और दायित्वबोध को अपने व्याख्यान का विषय बनाया एवं छात्रों से छात्र-छात्राओं से यह निवेदन किया कि वह शिक्षकों के साथ शिक्षा के प्रसार प्रसार में हर संभव सहयोग करें। संचालन छात्र विजय कुमार एवं छात्रा तनु केसरवानी ने किया। इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक भरवारी के शाखा प्रबंधक भानु प्रकाश सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रध्यापक प्रो.विवेक कुमार त्रिपाठी प्रो अरुण कुमार सिंह, प्रो विमलेश सिंह यादव, प्रो सतीश चंद्र तिवारी, डॉ. श्रद्धा तिवारी, प्रो पंकज कुमार, प्रो उमा जयसवाल, डॉ. नीति मिश्रा, डॉ.योगेश मिश्रा डॉ. अनुज तिवारी डॉ.सी .पी. श्रीवास्तव, डॉ राहुल राय, डॉ. धर्मेंद्र अग्रहरी डॉ. महेंद्र उपाध्याय,डॉ.दीपक कुमार, डॉ मनीष कुमार और डॉ.संजू उपस्थित रहे।

# रिजवी पीजी कॉलेज करारी में शिक्षकों को उपहार देकर किया गया सम्मानित

## विद्वान शिक्षकों नें शिक्षक के महत्व पर प्रस्तुत किया अपने-अपने विचार



**कौशाम्बी।** शिक्षक दिवस पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी परंपराओं को निभाते हुए डॉ ए एच रिजवी पीजी कॉलेज करारी में 5 सितंबर को भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ शिक्षकों छात्र छात्राओं ने मनाया। महाविद्यालय के सभागार में सुबह 11:30 बजे से शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया था ' महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ राजेश सक्सेना के द्वारा मुख्य अतिथि प्रबंधक को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया ' इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रबंधक ने डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया महाविद्यालय के प्रबंधक करार हुसैन रिजवी एवम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉड्ढ राजेश सक्सेना नें शिक्षक की महिमा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक दिवस को सार्थक बनाने का संदेश दिया ' इस मौके पर सभी विद्वान शिक्षकों नें शिक्षक के महत्व पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये प्रबंधक ने सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉड्ढ मुकुंद देव द्विवेदी के 20 वर्षों के सेवा कार्य काल के पूरा होने के उपलक्ष्य में उनके कार्यों की प्रशंसा की एवं उन्हें सम्मानित किया। महा विद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान पर कई रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किये ' छात्रों ने सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया महाविद्यालय के सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ. अबू तल्हा अंसारी ने प्रबंधक और आमंत्रित शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया ' समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# डा. रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

## उप प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के दाता नहीं होते, बल्कि वे छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

**कौशांबी।** डा. रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ, करारी में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक करार हुसैन उप प्राचार्य, समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका, प्रशासनिक कार्यालय के स्टाफ, और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन और योगदान की सराहना की।प्रबंधक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस हमें अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने शिक्षकों की समर्पित सेवा की प्रशंसा की और उन्हें समाज का सच्चा मार्गदर्शक बताया। उप प्राचार्य सत्य प्रकाश राय ने अपने संबोधन में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अपने जीवन में शिक्षकों की भूमिका को समझने और



उनके सम्मान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के दाता नहीं होते, बल्कि वे छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम का समापन शिक्षकों को सम्मानित कर-के किया गया। इस दौरान छात्रों ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किए तथा प्रबंधक की तरफ से सभी स्टाफ को उपहार दिया गया।अंत में आलोक कुमार श्रीवास्तव ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# न्यूज झरोखा

## श्री बाला प्रसाद दुबे पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**बैरम पुर कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के चम्पहा बाजार स्थित श्री बाला प्रसाद दुबे पब्लिक स्कूल मे धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार दुबे गुड्डू महराज ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वालित करके कार्यक्रम की शुरूआत की इस अवसर पर बच्चों ने अध्यापको को विभिन्न उपहार दिये।अध्यापको द्वारा बच्चो को शिक्षक दिवस के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। विद्यालय के संरक्षक विश्वनाथ प्रजापति ने बताया की शिक्षक वे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें सही दिशा दिखाते हैं। हमारे ज्ञान को बढ़ाने का काम करते हैं। हमें जीवन के कठिन मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका समर्पण और मेहनत ही हमारे भविष्य की नींव है। आज इस विशेष दिन पर हमें चाहिए कि हम शिक्षा की शक्ति को समझकर समाज में अपना योगदान दें। शिक्षा को अपने जीवन में पूरी तरह से उतारें, जिससे हम एक समृद्ध और ज्ञानवर्धन समाज बना सकें। संचालन कर रहे विद्यालय के अध्यापक बलराम सिंह ने बच्चों को शिक्षक दिवस की शुभकामनायें दीं। बच्चों और शिक्षको ने केक काटा इस शिक्षक दिवस कार्यक्रम मे सुनील कुमार दुबे, विश्वनाथ प्रजापति, शुभम दुबे, बलराम सिंह, प्रिया, अनुज कुमार प्रिया दुबे वैष्णवी सिंह, प्रदीप कुमार द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## नेशनल इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**भरवारी कौशाम्बी।** टीचर्स दिवस के अवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में 5 सितम्बर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रधानाचार्य कालीम अहमद ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला एवं गुरु की महत्ता बताई प्रधानाचार्य के द्वारा सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। संचालन भुवनेश्वर तिवारी ने किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अरुण द्विवेदी विनोद मिश्रा भारत लाल शर्मा अजय कुमार श्रीमती माया तिवारी चंद्रकांत शुक्ला बालमुकुंद तिवारी अशोक पांडे संतोष सिंह यादव गंगा प्रसाद संजय चौधरी अर्जुन लाल राजेश यादव राजेश कुमार अस्थाना अतुल मिश्रा वरुण शंकर मिश्रा विशाल मिश्रा सुनील यादव श्रीमती हर्षिता सिंह राजेश कुमार श्रीमती प्रज्ञा मिश्रा स्वतंत्र श्रीवास्तव समर सिंह यशपाल यादव आत्म प्रकाश द्विवेदी योगेश नारायण तिवारी कमलेश तिवारी दीपांशु तिवारी उदयभान मौर्य मोतीलाल नरेश लवकुश आदि लोग उपस्थित रहे।

## भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्नन का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में शिक्षकों ने चर्चा की इस मौके पर बच्चों ने बिभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया हेड व्याय एवं हेड गर्ल ने विद्याश्रम बच्चों की तरफ से सभी शिक्षकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। विद्याश्रम की तरफ से बेस्ट शिक्षक एवार्ड सुधाकर सिंह एवं विवेक शंकर चतुर्वेदी को बर्ष 2024 दिया गया। शिक्षक दिवस के इस प्रोग्राम में सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इं. कालेज में मनाया गया शिक्षक दिवस



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एन. डी.कान्वेंट स्कूल & स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज के प्रांगण में शिक्षक दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति भारतरत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। प्रबंधक मिथिलेश कुमार यादव ने समस्त स्टाफ और बच्चों को जन्मदिवस की बधाइयां दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने,सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव, सुनीलसिंह, अरुण कुमार यादव, सत्य प्रकाश यादव, कुलदीप साहू, कलीम,राधा रानी, सरोज अग्रवाल, मैंहरोज फात्मा,आकांक्षा पाल, नंदिता पाल, ममता मिश्रा, ज्योति सैनी, मनीषा विश्वकर्मा, आकांक्षा यादव, रजवंती, आरती श्रीवास्तव, मुन्नी देवी, कल्लो देवी, उमेश यादव, अजय यादव, संतलाल यादव,लवकुश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## बड़ी दमदारी के साथ लड़ना है उपचुनाव : कांग्रेस




**कौशाम्बी।** प्रयागराज में होने वाले फूलपुर उपचुनाव के संदर्भ में गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने सभी जिलाध्यक्ष व कार्यकताओं के साथ संगठन की बैठक लिया जिसमें कौशांबी जिले का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी को पुनः राष्ट्रीय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर एवं प्रयागराज जोन के प्रभारी बनाए जाने पर पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया एवं संगठन की तरफ से जो भी जिम्मेदारी कौशांबी जिले को फूलपुर उपचुनाव में दिया जाएगा उसे जिम्मेदारी और पूरी ताकत व पूरी शक्ति के साथ निभाने का वादा किया। इस मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि संगठन सर्वोपरि होता है और संगठन के द्वारा जो भी जिम्मेदारी हमको व हमारे जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं को दी जाएगी मैं पूरी ताकत के साथ जिम्मेदारी का निर्वाह करूंगा एवं गांव-गांव, न्याय पंचायत, ब्लॉक तक कांग्रेस पार्टी के विचारो को लेकर जाने का वादा किया। फूलपुर उप चुनाव की आवश्यक बैठक में बोलते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव व प्रभारी कौशांबी राजेश साहनी ने कहा कि उपचुनाव में हमको बड़ी दमदारी के साथ इस चुनाव को लड़ना है व उत्तर प्रदेश व देश में बैठी अहंकारी सत्ता को उखाड़ कर फेंकना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी जाति व किसी समुदाय की नहीं कांग्रेस पार्टी सर्वधर्म को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है ।इस मौके पर राम बहादुर त्रिपाठी तलत अजीम उदय यादव अमित द्विवेदी अलकमा उस्मानी श्याम सिंह राम प्रकाश पांडा राज नारायण पासी फैसला अली सहित लगभग दर्जनों कौशांबी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तृतीय चरण चयन परिणाम के चयनित अभ्यर्थी 09 सितम्बर तक आईटीआई में ले सकतें है प्रवेश

**कौशाम्बी।** प्रवेश सत्र- 2024-25 में आई0टी0आई0 में प्रवेश के लिए माह अगस्त-2024 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र के तृतीय चरण के लिए प्रवेश प्रक्रिया दिनांकः 09 सितम्बर 2024 तक (अवकाश सहित) निर्धारित की गयी है। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने देते हुए बताया कि तृतीय चरण चयन परिणाम के चयनित अभ्यर्थी दिनांकः 09.09.2024 तक अपने समस्त मूल प्रमाण सहित आंवटित संस्थान में प्रवेश के लिए सम्पर्क कर सकतें हैं।

# भाजपा ने बनायी 10 करोड़ नये सदस्यों को पार्टी में भर्ती करने की योजना



– कल्याणी शंकर

**भाजपा इन दल**बदलुओं का स्वागत क्यों करती है? इसके तीन मुख्य कारण हैं: पहला, इससे वह पार्टी कमजोर होती है जिससे दलबदल होता है। दूसरा, इससे भाजपा को स्थापित पार्टियों के जाने-माने नेताओं को अपने साथ लाने का मौका मिलता है, जिससे उसके रैंक मजबूत होते हैं। तीसरा, भाजपा में दूसरी पंक्ति के नेताओं की कमी को देखते हुए दलबदलुओं को अपने साथ लाना आसान है।

केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी दो-तरफा आधार पर विस्तार करने के लिए काम कर रही है - पहला अन्य दलों, विशेष रूप से कांग्रेस से प्रभावशाली नेताओं को भाजपा में शामिल कर, तथा दूसरा बड़े पैमाने पर पार्टी में नये सदस्यों की भर्ती कर। हालांकि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों से इसमें कम संख्या में नेता शामिल हो सकते हैं, लेकिन उनका प्रभाव महत्वपूर्ण है, जबकि जनाधार बढ़ाने के लिए पार्टी बड़ी संख्या में नये सदस्यों को नामांकित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिछले महीने उन्हें हटाकर पुनः यह पद संभालने के बाद भाजपा में शामिल हो गये हैं। हेमंत सोरेन के एक घोटाले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद से चंपई मुख्यमंत्री पद संभाल रहे थे। यह कदम प्रभावशाली मुख्यमंत्रियों के भाजपा में शामिल होने की प्रवृत्ति को बढ़ाता है, जो पार्टी की रणनीतिक सफलता को उजागर करता है। भाजपा अन्य दलों के जाने-माने नेताओं को गले लगाती है क्योंकि वे अपने प्रभाव और कार्यकताओं को साथ लाते हैं। कांग्रेस से आये असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं। वह पूर्वोत्तर में सबसे चर्चित व्यक्ति बन गये हैं।

नेशनल इलेक्शन वॉच-एडीआर के अनुसार, दलबदल और पार्टी बदलने के मुख्य कारण मूल्य-आधारित राजनीति का अभाव, पैसे और सत्ता का लालच, पुरस्कृत राजनीतिक पद और कुशल, ईमानदार और विश्वसनीय नेताओं की कमी है।

भाजपा ने समानांतर ट्रैक पर 10 करोड़ नये सदस्य बनाने की योजना बनाई है। पिछले हफ्ते की बैठक में, पार्टी नेतृत्व ने फैसला किया कि यह अभियान दो चरणों में होगा: 2 से 25 सितंबर और 1 से 15 अक्टूबर।

पिछले दशक में, भाजपा ने उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। 1980 के दशक में, उच्च-मध्यम वर्ग, शहरी लोगों और बड़ी संख्या में हिंदुओं ने मुख्य रूप से भाजपा का समर्थन किया। तब से इसने एक व्यापक राजनीतिक आधार बनाया है, जो इसके बढ़ते प्रभाव को दशार्ता है। भाजपा ने कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया है और 18 करोड़ सदस्यों के साथ पहले से ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। ग्रैंड ओल्ड पार्टी, कांग्रेस के 13 करोड़ सदस्य हैं।

2014 से 2019 के बीच देश भर में लगभग 18 करोड़ लोग भाजपा में शामिल हुए। विभिन्न दलों के भी अस्सी हजार नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं, जिसका लक्ष्य राष्ट्रीय और जिला स्तर पर लगभग 1,00,000 नेताओं की भर्ती करना है। इस अभियान के जरिए, भाजपा अपने सदस्यों के बारे में डेटा एकत्र करती है, जिसमें उनकी जाति, लिंग, आयु, निवास और अन्य विवरण शामिल हैं।

पिछले दशक में, पूर्व मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों सहित कई प्रभावशाली कांग्रेस नेता भाजपा में चले गये, जिससे उनकी हताशा, लालच और सत्ता की लालसा का पता चला। भाजपा ने उनमें से कुछ को अच्छे पदों से पुरस्कृत किया है। उनमें से उल्लेखनीय नेताओं में हिमंत विश्व शर्मा, कैप्टन अमरिंदर सिंह, जितिन प्रसाद, आर.पी.एन. सिंह, मिलिंद देवड़ा और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, रितेश पांडे, संगीता आजाद और अन्य हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं।

वे कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस और वाईएसआरसीपी जैसे विभिन्न राजनीतिक दलों से आते हैं। 2014 के बाद से भाजपा को सदस्यों के पाला बदलने से सबसे ज्यादा फायदा हुआ है, जबकि कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। जीतने के बाद भी विपक्षी दलों को चिंता है कि भाजपा उनके विधायकों को पाला बदलने के लिए मनाने की कोशिश करेगी - कई दलबदलू निर्णायक मौकों पर, जैसे कि सरकार के बहुमत साबित करने के समय होने वाले मतदान के दौरान।

वे दलबदल क्यों करते हैं? अगर दलबदलुओं के अपने-अपने दल छोड़ने का कोई कारण है, तो भाजपा भी बिना किसी हिचकिचाहट के उन्हें गले लगा लेती है। इन नेताओं को डर है कि जब उनकी पार्टी सत्ता खो देगी, तो वे राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक हो जायेंगे। प्रमुख पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन करके, वे नियंत्रण हासिल करने और अपने बच्चों के लिए एक राजनीतिक भविष्य सुरक्षित करने की उम्मीद करते हैं।

अन्य दलों के नेताओं को आकर्षित करने की भाजपा की सफल रणनीति एडीआर विश्लेषण में स्पष्ट है।

यह दशार्ता है कि दल बदलने वाले 22प्रतिशत उम्मीदवार फिर से चुनाव लड़कर भाजपा में शामिल हो गये। इसके बाद 10 प्रतिशत कांग्रेस में और 6 प्रतिशत बसपा में शामिल हो गये। पिछले एक दशक में, भाजपा ने अन्य दलों के कई नेताओं को आकर्षित किया है, जिसने पूर्वोत्तर क्षेत्र में हेमंत विश्व शर्मा जैसे नेताओं के उदय में योगदान दिया है।

भाजपा इन दलबदलुओं का स्वागत क्यों करती है? इसके तीन मुख्य कारण हैं: पहला, इससे वह पार्टी कमजोर होती है जिससे दलबदल होता है। दूसरा, इससे भाजपा को स्थापित पार्टियों के जाने-माने नेताओं को अपने साथ लाने का मौका मिलता है, जिससे उसके रैंक मजबूत होते हैं। तीसरा, भाजपा में दूसरी पंक्ति के नेताओं की कमी को देखते हुए दलबदलुओं को अपने साथ लाना आसान है।

ऐसा नहीं है कि असंतुष्टों ने भाजपा नहीं छोड़ी है। कल्याण सिंह, शंकरसिंह वाघेला और येदियुरप्पा (सभी मुख्यमंत्री) जैसे कुछ लोगों ने अपनी पार्टियां बनायीं लेकिन असफल होने पर भाजपा में वापस आ गये। भाजपा की गहरी वैचारिक मजबूती इसे एक साथ रखती है।

भाजपा के पुराने वफादार सदस्य तब नाखुश होते हैं जब नये लोगों को अच्छे पद मिलते हैं जबकि वे पार्टी के प्रति वफादार रहे हैं। ऐसा पहले भी हो चुका है। वाजपेयी के नेतृत्व में पार्टी कुछ लोगों को ही शामिल कर पाई और बाकी लोग चले गये। पार्टी का विस्तार हो रहा है, पर इसके नेतृत्व पर अभी भी उच्च जाति का वर्चस्व है।

भाजपा में ताकत है लेकिन इसकी विचारधारा, आक्रामक रवैये, आत्मसंतुष्टि और अहंकार के लिए आलोचना होती है। भाजपा की आगामी सदस्यता अभियान की ताकत का परीक्षण 2024 के लोक सभा चुनाव के बाद होने वाले विधान सभा चुनावों में होगा। हालांकि यह सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में इसे केवल 240 सीटें मिलीं, जो बहुमत से 32 कम है।

## सम्पादकीय

### केरल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत के 'हिन्दू विरोधी राज्य' के रूप में निरूपित

**जिस** केरल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत के 'हिन्दू विरोधी राज्य' के रूप में निरूपित करता आया है, उसी प्रदेश के पलक्कड़ में उसने अपनी तीन दिवसीय मंथन बैठक सोमवार को सम्पन्न की जो कई प्रकार से खुद को भ्रमित करने वाली तो रही ही, अपनी राजनीतिक विंग अर्थात भारतीय जनता पार्टी को भी मुश्किल में डालने वाली साबित हो सकती है। 'राष्ट्रीय समन्वय सम्मेलन' के नाम से आयोजित यह बैठक भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा के उस बयान की पार्श्वभूमि में हुई है, जिसमें कहा गया था कि-'अब भाजपा इतनी बड़ी हो गयी है कि उसे संघ की जरूरत नहीं है।' वैसे इस बयान पर बैठक में कोई विचार-विमर्श हुआ या नहीं, यह तो सामने नहीं आया है लेकिन मुख्यतः जिन मसलों पर विचार किये जाने की जानकारी दी गयी है, उनमें तीन तो स्पष्ट हैं- जातिगत जनगणना, देश में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा। इस बैठक में स्वाभाविकतः संघ प्रमुख मोहन भागवत व सह कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले थे, खुद नड्डा पार्टी महासचिव बीएल संतोष संग मौजूद थे।

जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा का इंकार रहा है परन्तु उसे संघ की बैठक में यह कहकर हरी झंडी दिखा दी गई कि 'कल्याणकारी योजनाओं के लिये जाति के आंकड़े जुटाने में कोई दिक्कत नहीं है।' हालांकि संघ ने कहा कि इसका उपयोग चुनावी राजनीति के लिये नहीं होना चाहिये। उल्लेखनीय है कि इसे एक तरह से विपक्षी गठबन्धन यानी इंडिया की जीत कहा जा सकता है क्योंकि उसी ने यह मांग जोरदार ढंग से उठाई थी। इसे भाजपा देश की अखंडता और एकता के लिये खतरा भी बताती थी। भाजपा की झल्लाहट इस कदर थी कि पिछले संसदीय सत्र में लोकसभा में पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर यह कहकर अत्यंत अशोभनीय टिप्पणी की थी कि 'जिसकी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं।' अब संघ द्वारा उस मांग का समर्थन करने से भाजपा किंकर्तव्यविमूढ़ हो जायेगी। देखना दिलचस्प होगा कि क्या संघ की इस सलाह पर भाजपा अमल करेगी या नहीं। अगर करती है तो यह राहुल की जीत मानी जायेगी जिसमें उन्होंने कहा था कि 'वे इसी सदन (लोकसभा में बहस के दौरान) के भीतर जातिगत जनगणना का कानून पारित कराएंगे।' अब तक माना जाता था कि राहुल का आशय यह रहा होगा कि उनकी सरकार बनने के बाद ऐसा किया जायेगा। यदि संघ के दिशा-निर्देश पर नरेन्द्र मोदी सरकार ऐसी जनगणना कराती है तो माना जायेगा कि वह संघ द्वारा संचालित है तथा नड्डा की इस बात में कोई दम नहीं है कि 'भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है'। आशय यह है कि भाजपा अब भी संघ की कठपुतली है जिसकी डोर संघ के हाथों में है। इसके विपरीत यदि मोदी इस सलाह पर अमल न करते हुए अपनी जिद पर अड़े रहे तो यही संदेश जायेगा कि मोदी संघ से बड़े हो गये हैं।

# आईसी 814 : सवालों को दबाने की कोशिश



– सर्वमित्रा सुरजन

**भाजपा सम**र्थकों और भक्त पत्रकारों द्वारा अनुभव सिन्हा को निशाने पर लेने का सिलसिला शुरू हो गया है। एक भयावह घटना को हिंदू-मुसलमान बनाकर पेश करने की कोशिश शुरू हो गई है। अनुभव सिन्हा में स्वघोषित राष्ट्रवादियों, राष्ट्रप्रेमियों, भारत मां के सपूतों, हिंदुत्व के रक्षकों को देश का दुश्मन, हिंदुत्व का शत्रु, वामपंथी नजर आ रहा है। और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

आईसी 814 उस विमान का नाम है, जिसे 24 दिसंबर 1999 को काठमांडू से दिल्ली आते वक्त अगवा कर लिया गया था। पत्रकार श्रींजॉय चौधरी और आईसी-814 के कैप्टन देवी शरण की लिखी किताब 'फ्लाइट इन टू फियर: द कैप्टन स्टोरी' पर अनुभव सिन्हा ने आईसी 814 नाम से ही सीरीज बनाई है। इस सीरीज में वास्तविक घटनाओं को ही दिखाया गया है। काठमांडू से भारतीय एजेंट द्वारा दी गई चेतावनी की अनदेखी से लेकर विमान के हाईजैक होने और सात दिन बाद अफगानिस्तान के कंधार में तीन दुर्दांत आतंकवादियों मौलाना मसूद अजहर, अहमद उमर सईद शेख, और मुश्ताक अहमद जरगर की रिहाई तक की सारी घटनाओं को इस सीरीज में पेश किया गया है।

काठमांडू से निकला जहाज ईंधन न होने के कारण अमृतसर में उतारा गया, फिर लाहौर और दुबई होते हुए आखिर में कंधार पहुंचा और इन सात दिनों तक जहाज में सवार आम यात्रियों की जिंदगी पूरी तरह से अपहरणकताओं की दया पर ही रही। एक यात्री की मौत के अलावा बाकी सारे यात्रियों को विमान के चालकदल समेत आखिर में छुड़ा लिया गया, लेकिन इसकी भारी कीमत देश ने चुकाई है। क्योंकि जिन तीन आतंकवादियों को कांग्रेस के शासनकाल में पकड़ा गया था, उन्हें भाजपा की अटलबिहारी वाजपेयी सरकार ने छोड़ा और उसके बाद देश की संसद पर हमले समेत कई और आतंकी घटनाएं हुईं। यह सब किसी उपन्यास का प्लॉट या फिल्म की कहानी होती, तो पहले ही दिन आठ-दस कमांडो जांबाजी दिखाते और सब चंगा सी हो जाता। जितने देर विमान बंधक रहता, उतनी देर प्रधानमंत्री अपने दफ्तर में सारे दल-बल के साथ गहन चिंतन में डूबे नजर आते, उनके सलाहकार और अधिकारी देशप्रेम को ऊपर रखते हुए किसी प्रोटोकॉल की परवाह नहीं करते और सैन्य जवानों की काबिलियत पर भरोसा करते हुए उन्हें खुली छूट दे दी जाती कि जैसे भी हो, चाहे भारत की जमीन पर या विदेशी जमीन पर अपहताओं को मार गिराओ और बंधकों को छुड़ा दो। लेकिन अफसोस कि हकीकत इससे काफी अलग रही।

हकीकत यह थी कि विमान अमृतसर में जब थोड़ी देर रुका, तब भी भारतीय कमांडो कुछ नहीं कर पाए। क्यों नहीं कर पाए, यही सबसे बड़ा सवाल है। इस सीरीज में इसी सवाल से एक बेचैनी उपजती है, जो सीधे दर्शकों तक पहुंचती है। देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लौहपुरुष कहे जाने वाले गृहमंत्री लालकृष्ण आडवानी, पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल इन सब की भूमिकाओं और प्राथमिकताओं पर सवाल उठते हैं। सीरीज में जिस तरह नौकरशाही को जनता के सरोकारों से बिल्कुल कटा हुआ दिखाया गया है, वह रवैया भी कहीं न कहीं बेचैन करता है। यह रवैया सही नहीं है, लेकिन सच के काफी करीब है। अनुभव सिन्हा ने एक वरिष्ठ अधिकारी के किरदार से टू मच डेमोक्रेसी का संवाद भी कहलवाया है, जो आज के दौर की भाजपा का है, लेकिन भाजपा के पहले शासनकाल में भी शायद यही देश की हकीकत थी।

आईसी 814 सीरीज ने वाजपेयी शासनकाल की एक बड़ी नाकामी को जनता को याद दिला दिया है। शाइनिंग इंडिया जैसे नारों के जरिए तो भाजपा की कोशिश यही रही कि कारगिल से लेकर कंधार हाईजैक और संसद पर हमले जैसी तमाम घटनाओं को जनता बुरे ख्वाब की तरह भूल जाए, लेकिन 2004 के चुनाव परिणामों ने बता दिया कि जनता ने इन घटनाओं को याद रखा। हालांकि 2014 में फिर से भाजपा आई और तब से अब तक फिर वही कोशिश शुरू हो गई है। पुलवामा की घटना को 2019 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी ने बखूबी इस्तेमाल कर लिया। लेकिन अभी आईसी 814 सीरीज को देखकर लगा कि इतने बरसों में कुछ भी नहीं बदला है। तब भी घटना के फौरन बाद प्रधानमंत्री से बात करने की कोशिश होती रही। इतना बड़ा संकट आने के बाद भी देश के मुखिया से संपर्क न हो पाना, विडंबना है या कुछ और, ये सोचना होगा।

लेकिन 14 फरवरी 2019 को भी तो ऐसा ही हुआ था। पुलवामा में दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर सैनिकों को ले जा रही बस से विस्फोटक भरी गाड़ी टकराती है औरउस वक्त प्रधानमंत्री जिम कार्बेट के जंगलों में मैन वर्सेस वाइल्ड की शूटिंग में व्यस्त थे। शाम सात बजे वे वहां से बाहर निकले। इस बीच 5 बजकर 10 मिनट पर रुद्रपुर में भाजपा के कार्यक्रम को उन्होंने फोन से संबोधित किया।

उस भाषण में उन्होंने पुलवामा हमले का कोई उल्लेख नहीं किया। तो क्या श्री मोदी को पुलवामा हमले की जानकारी नहीं थी, या उन्होंने इस बारे में इसलिए नहीं बोला क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं विपक्ष इसे मुद्दा न बना ले कि इतना बड़ा हमला होने के बावजूद प्रधानमंत्री डिस्कवरी क्रू के साथ समय बिता रहे थे?

पुलवामा की घटना को पांच साल से ऊपर हो गए हैं, इस बीच कई और गंभीर सवाल इस हमले को लेकर उठे, लेकिन राष्ट्रवाद के नाम पर सब दबा दिए गए। भाजपा तो अब तीसरी बार सत्ता में आ गई है, लेकिन अतीत के कुछ सवाल अब भी उसका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं और इसलिए उन सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। जैसे आईसी 814 में अपहताओं के नामों में भोला और शंकर जैसे नाम क्यों शामिल किए गए, इसे लेकर नेटफ्लिक्स को ही घेर लिया गया। अब नेटफ्लिक्स ने स्पष्ट कर दिया है कि अपहताओं के असली नाम भी दिखाए जाएंगे। लेकिन इस हाईजैक की एक भुक्तभोगी ने भी बताया है कि दो अपहताओं को भोला और शंकर के नाम से बुलाया जा रहा था। उन्होंने ये भी कहा है कि सीरीज में विमान के भीतर का जो कुछ दिखाया गया है, उस वक्त सब वैसा ही घटा था, इसमें कोई अतिरेक नहीं बरता गया है। लेकिन फिर भी भाजपा समर्थकों और भक्त पत्रकारों द्वारा अनुभव सिन्हा को निशाने पर लेने का सिलसिला शुरू हो गया है। एक भयावह घटना को हिंदू-मुसलमान बनाकर पेश करने की कोशिश शुरू हो गई है। अनुभव सिन्हा में स्वघोषित राष्ट्रवादियों, राष्ट्रप्रेमियों, भारत मां के सपूतों, हिंदुत्व के रक्षकों को देश का दुश्मन, हिंदुत्व का शत्रु, वामपंथी नजर आ रहा है। और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी अनुभव सिन्हा की फिल्में विवादों में आ चुकी हैं। अनुभव सिन्हा की आर्टिकल 15, भीड़, मुल्क और थप्पड़ जैसी फिल्में तो ऐसी हैं, जिनसे कई लोगों की दुखती रग पर हाथ पड़ जाता है। सोशल मीडिया के प्रचार तंत्र के जरिए भाजपा को देश की सबसे महान पार्टी, नरेन्द्र मोदी को अवतारित नायक और भाजपा के शासन को असली आजादी का जो मिथ गढ़ा गया है, वो सब ऐसी फिल्मों से भरभराकर गिरने लगता है। अनुभव सिन्हा की तमाम फिल्मों की खासियत यही है कि वे दर्शकों पर कोई विचार थोपते नहीं हैं, बल्कि उसे मंथन करने पर मजबूर कर देते हैं। जबकि मौजूदा शासक यही चाहते हैं कि हिंदुस्तान की जनता विचार-विमर्श से दूर रहे, किसी भी मुद्दे पर अपनी सहज बुद्धि का इस्तेमाल न करे, केवल वही देखे और समझे, जो समाचार चैनलों के जरिए उसे समझाया जा रहा है।

चैनल भी दर्शकों के दिमाग पर कब्जा करने में पूरी मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में उप्र में आदमखोर भेड़िये को पकड़ने की खबर एक रिपोर्टर ने खुद को जाल में फंसा कर की, इससे पहले युद्ध या बाढ़ जैसी आपात खबरों को स्टूडियो में इसी तरह माहौल बनाकर परोसा जा चुका है। दरअसल इस वक्त मीडिया घराने जिन पूंजीपतियों की पूंजी से संचालित हो रहे हैं, उनके हित साधना सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए पूंजीपति, सरकार, मीडिया इन सबके गठजोड़ से देश चल रहा है।

इस व्यवस्था में कोई रचना अगर खलल पैदा करती है, दर्शकों को सवाल करने पर मजबूर करती है,

भाजपा के शासन की नाकामी को सामने लाती है, तो जाहिर है उस रचना को देशविरोधी साबित करने की कोशिश की जाएगी।

आईसी 814 के साथ इस समय यही कोशिश चल रही है। देखना होगा कि जनता इसमें किस तरह अपने विवेक का इस्तेमाल करती है।

# राजनीति में झूठ बन रहा लोकतंत्र के 'अस्तित्व का खतरा'

– नन्तू बनर्जी

**20वीं** सदी के मध्य में एक प्रसिद्ध ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक और लेबर पार्टी के नेता प्रोफेसर हेराल्ड लास्की ने अंततः मार्क्सवादी बनने से पहले धन शक्ति और झूठ पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अविश्वास किया था। सत्ता पर कब्जा करने के लिए झूठ और धोखे को भुनाने की बात आने पर लोकतांत्रिक सरकार के पीछे असली राजनीतिक अभिनेता अज्ञात बने रह सकते हैं।

लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारें अक्सर सोचती हैं कि उनके मतदाता मूर्ख हैं। उनके पास ऐसी धारणा बनाने के अच्छे कारण हो सकते हैं क्योंकि उनमें से बहुत से लोग अपनी व्यक्तिगत पृष्ठभूमि और चारित्रिक विशेषताओं के मामले में वहां रहने के लायक नहीं हैं। उनमें से कई पर तो जघन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। मतदाताओं के पास उम्मीदवारों के चयन में बहुत कम विकल्प होते हैं। वे मतदान केंद्रों पर ऐसे उम्मीदवारों को वोट देने जाते हैं, जो राजनीतिक रूप से झूठे या जोड़-तोड़ करने वाले हो सकते हैं। उम्मीदवारों को अक्सर उनके मतदाता झूठे वायदों पर मोहित होकर या बिक कर चुनते हैं। कल्पना करें कि अगर राजनीति में झूठ बोलना प्रतिबंधित कर दिया जाये तो सरकार में बैठे उन आदतन झूठ बोलने वालों का क्या होगा जो अर्थव्यवस्था और प्रशासन की झूठी छवि बनाने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करते हैं। लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार, ग्रेट ब्रिटेन के हिस्से वेल्श की नवनिर्वाचित लेबर सरकार ने राजनीति में झूठ बोलने को अवैध बनाने का संकल्प लिया है। वेल्श सरकार ने कहा कि 2026 में अगले सेनेड (वेल्श संसद) चुनावों से पहले 'विश्व स्तर पर अग्रणी' कानून बनाया जायेगा। सेनेड के सदस्यों ने इसे लोकतंत्र में. राजनीति में झूठ बोलने से उत्पन्न 'अस्तित्वगत खतरे' से निपटने के अपने प्रयास में एक ऐतिहासिक क्षण बताया।




वेल्श सरकार द्वारा प्रस्तावित कानून एक स्वतंत्र न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से जानबूझ कर धोखा देने के दोषी पाये गये सदस्यों और उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करेगा। राजनेताओं द्वारा झूठ बोलने को गैरकानूनी घोषित करने के आह्वान का नेतृत्व कर रहे एक प्रमुख वेल्श राजनेता एडम रॉबर्ट प्राइस ने कहा था: 'जो घोषणा की गई है वह वास्तव में ऐतिहासिक है, विश्व स्तर पर अग्रणी है। हमारी सरकार की ओर से हमारी प्रतिबद्धता है कि हमारा लोकतंत्र राजनेताओं द्वारा धोखे पर सामान्य प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला लोकतंत्र होगा। हम एक वैश्विक आंदोलन की शुरूआत में हैं। हम राजनीतिक झूठ को गैरकानूनी घोषित करने जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि 'सत्य लोकतंत्र के दिल में है, लेकिन राजनेताओं में विश्वास खत्म हो गया है। यह एक अस्तित्वगत खतरा है।' उन्होंने कहा, 'अगर मतदाता निर्वाचित लोगों की बातों पर भरोसा नहीं कर पाते हैं, तो लोकतंत्र टूटने लगता है।' हालांकि, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड सहित दुनिया भर में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रस्तावित वेल्श कानून के प्रभाव की भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी, जो ग्रेट ब्रिटेन के दो अन्य घटक हैं, लेकिन यह कुछ लोकतांत्रिक देशों में आंदोलन को जन्म दे सकता है।

वेल्श एक बहुत छोटा देश है, जो ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड के यूनाइटेड किंगडम का हिस्सा है। 2021 तक, वेल्श की आबादी 3,107,494 थी और इसका कुल क्षेत्रफल 21,218 वर्ग किलोमीटर था। इसलिए, वेल्श में जो कानूनी रूप से संभव हो सकता है, वह संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत जैसे बड़े लोकतंत्रों में उम्मीद करना असंभव हो सकता है, जहां झूठ बोलना पार्टी की राजनीति का एक अभिन्न अंग है, जो राजनेताओं की आपराधिक प्रवृत्ति को उजागर करता है और बेहद कम अभियोजन और सजा दर दर्ज करता है।

झूठ बोलने वाले राजनेता की पहचान की जा सकती है और उसे पकड़ा जा सकता है, लेकिन ऐसे राजनेताओं द्वारा चलाई जाने वाली झूठ बोलने वाली सरकार के बारे में क्या, जो अक्सर झूठ बोलते हैं और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करते हैं? भारत में स्थिति की कल्पना करें, जहां राजनीतिक शासक अपने राजनीतिक और आर्थिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जनता या मतदाताओं को गुमराह करने के लिए सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से अक्सर महत्वपूर्ण संख्याओं में हेराफेरी करवाते हैं। यह बढ़ती महंगाई या घटते रोजगार या संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के समय में झूठी खुशी को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है।

ऐसे सरकारी कार्यों के बारे में क्या जो राष्ट्र की कीमत पर केवल कुछ चुने हुए व्यक्तियों या समूहों को लाभ पहुंचाते हैं? ऐसे कार्यों के पीछे व्यक्तियों की पहचान कैसे की जाये? सरकार अपने सार्वजनिक संचार इरादे के अनुरूप संबंधित टोकरियों को बड़ा या छोटा करके आधिकारिक सूचकांकों में हेराफेरी कर सकती है। उदाहरण के लिए, ऐसे समय में जब खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स, संचार और यात्रा लागत, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यय और उसकी कीमतें आसमान छू रही हैं, भारत में थोक और खुदरा मूल्य सूचकांक दोनों में बड़ी गिरावट बताई जा रही है। कोई उन्हें उन टोकरियों के आकार पर दोष दे सकता है जिनमें उन दैनिक आवश्यकताओं को शामिल किया गया है। इस तरह के सरकारी धोखे से कैसे निपटें?

लोकतांत्रिक समाज में सरकारी धोखे पर कई बार बहस हुई है, जिससे लोकतांत्रिक दुनिया भर में सार्वजनिक क्षेत्र में झूठ का प्रसार हुआ है। लोग एक चुनी हुई सरकार पर भरोसा करते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है।

# दिव्यांगों की सुविधा को मतदेय स्थल पर लगवायें रैम्प: डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मतदेय स्थलों के संभाजन बाबत राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मतदेय स्थलों का संभाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर करायें। तीन सौ से कम मतदाता वाले मतदेय स्थलों को मतदेय स्थल बनाये रखने बाबत स्पष्ट कारण दें।

गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कलेक्टेट्ट सभागार में हुई बैठक में कहा कि शहरी क्षेत्र में जहां नई आवासीय कालोनियां बनी है, उसमें लोग रहने लगे हैं तो वहां नया पोलिंग स्टेशन बनाया जाये। अत्यधिक पुराने व



बैठक में निर्देश देते डीएम।

जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को मतदान क्षेत्र के तहत अस्थाई भवन में स्थानांतरित किया जाये। कहा कि ऐसे मतदेय स्थलों को चिन्हित करें, जो गांव/बस्ती से पर्याप्त दूरी पर है। उन मतदेय स्थलों को वहां से हटाकर मतदान क्षेत्र के किसी सुविधाजनक भवन में स्थापित किया जाये। ये भी सुनिश्चित करें कि पोलिंग स्टेशन की दूरी दो किमी से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सुविधा को प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैम्प की लगवाया जाये। किसी भी राजनीति दल या मजदूर यूनियन के कार्यालय से दो सौ मीटर के अंदर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया जाये। कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित है तो वहां शासकीय भवन उपलब्ध हो गए हैं तो उक्त मतदेय स्थलों को शासकीय भवनों में स्थानांतरित कर दिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई मतदेय स्थल दुकान/ व्यावसायिक प्रतिष्ठान/व्यक्तिगत सामुदायिक केंद्र/विवाह घर अथवा ऐसे भवन जिनका स्वामित्व किसी राजनीतिक व्यक्ति के पास है। ऐसे मतदेय स्थलों को विकल्प तलाश कर उनको हस्तांतरित कर दिया जाये। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि कोई सुझाव है तो बतायें, उसका निस्तारण किया जाएगा। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, सपा लोहिया वाहिनी अध्यक्ष अमर पटेल, जिला मंत्री माकपा रुद्र प्रसाद मिश्र, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कुशल सिंह पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा सुरेश अनुरागी, जिलाध्यक्ष अपना दल यश रामसिया पटेल, बसपा से सोमपाल वर्मा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित है मलवारा गांव

यातायात को तरस रहे ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** प्रदेश सरकार गांवों की सड़कों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं मलवारा के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बारिश के दिनों में बेहद परेशानी का सामना कर रहे हैं। ग्रामीण घनश्याम पाल व मनोज नामदेव ने बताया कि वर्ष 2016-17 में लोहिया ग्राम चयनित था। विकास कार्यों के नाम पर एक ईंट नहीं लगाई गई। लम्बे समय बाद एक किमी इंटरलॉकिंग को चार लाख की धनराशि मंजूर हुयी थी। निर्माण कार्य नहीं हुआ, धनराशि का बंदरबांट हो गया।

गुरुवार को ग्रामीण ने बताया कि अभिलेखों में इंटरलॉकिंग दर्ज है, जमीनी हकीकत में पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील है। कीचड़ व जलभराव वाली सड़क अपनी दास्तान बयां कर रही है। मलवारा गांव के मुख्य मार्ग से हजारों की तादाद में लोग बरसात के समय कीचड़ व जलभराव के रास्ते से



क्षतिग्रस्त रास्ते से गुजरता ग्रामीण।

आवागमन करने को मजबूर हैं। राममूरत ने बताया कि प्रधान-सचिव की उदासीनता के चलते ग्रामीणों ने चंदाकर सड़क पर मिट्टी डलवाई थी। वह भी बरसात के दिनों में पूरी तरह बह गयी है। पूरा रास्ता गड्ढों में तब्दील हो गया है। राजापुर बूढ़ा संपर्क मार्ग के दोनों तरफ नालियां न होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है। सड़क में जल भराव होने से आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। सफाई कर्मी भी नदारत रहता है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में कई बार शिकायतें भी की गई। अधिकारी मनमानी ढंग से फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण कर रहे हैं। गांव के उमेश सिंह, दीपराज सिंह, लाल सिंह, सुभाष सिंह, सुमेर आदि लोगों ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से मार्ग बनवाने व मूलभूत सुविधा की मांग की है।



महिला को परिजनों के सुपुर्द करती पुलिस।

# सोमवती अमावस्या में भटकी महिला को भौंरी से बरामद कर परिजन को किया सुपुर्द

महिला को पाकर परिजन के चेहरे की मुस्कान लौटी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान के तहत प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में पुलिस ने सोमवती अमवस्या मेला से भटकी महिला को भौंरी से बरामद कर सकुशल परिजन को सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि चार सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे सूचना मिला कि एक अज्ञात महिला थाना रैपुरा के भौंरी गांव में भटक रही है। अपना नाम सरला पत्नी शिवमोहन महाना ललौली फतेहपुर बताया। सी-प्लान एप से प्रधान महाना ललौली फतेहपुर के नंबर पर कॉल कर जानकारी की तो पता चला कि ये महिला उपरोक्त स्थान की है। महिला ने बताया कि सोमवती अमावस्या मेला में अपने देवर व बच्ची के साथ आई थी। मेले में अधिक भीड़ होने से गुम हो गई थी। प्रधान महाना ने देवर के नंबर से बातचीत कर उसके बारे में पता किया तो देवर मधुराज पुत्र बदलू महाना ललौली फतेहपुर ने बताया कि उनके साथ चित्रकूट सोमवती अमावस्या मेला में आई थी। मेले में गुम हो गयी थी। कोतवाली कर्वी में गुमशुदगी दर्ज करायी थी। टीम में दरोगा राजेश कुमार व महिला सिपाही निधि सेंगर शामिल रहे।

# सामाजिक न्याय को जातिगत जनगणना सरकार तत्काल करे: अमित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाकपा के राष्ट्रीय आवाहन पर जिला इकाई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला सचिव का अमित यादव एड की अगुवाई में कचहरी से नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। का बलदेव विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सभा हुई।

गुरुवार को सभा में का अमित यादव ने कहा कि देश की जनगणना 2011 में संपन्न हुई थी। जनगणना को दस वर्ष के बाद 2021 में संपन्न होना चाहिए था। कोरोना के कारण ऐसा नहीं हो सका। 2024 का आधा वर्ष गुजरने के बाद सरकार की ओर से राष्ट्रीय जनगणना की कोई कार्यवाही दिखाई नहीं दे रही। भाकपा ऊंच-नीच के सामाजिक विकार की विरोधी है। पांच सितंबर शिक्षक दिवस न्याय दिवस के रूप में मना रहे हैं।

देश के नागरिक जो पिछड़े हैं, उन्हें सामाजिक न्याय मिल सके। सामाजिक न्याय मिलेगा तो गरीबी-अमीरी दूर होगी। किसान, मजदूर, दलित, पिछड़े, छात्र, युवा, महिलायें व गरीब वर्ग के लोग पूरी तरह से सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक रूप से निचले पायदान पर खडे होने को मजबूर



ज्ञापन सौंपते भाकपाई।

हैं। श्रमिक समाज के 88 फीसदी पिछड़े दलित मूल रूप से किसान-मजदूर हैं। जो वास्तविक गणना न होने से अपने अधिकार से वंचित हैं। इन्ही के लडके बेरोजगारी व शिक्षा के अभाव में दूर-दूर भटकने को मजबूर हैं। निजी शिक्षा व चिकित्सा लूट के अड्डे बन गये हैं। का चंद्रपाल ने कहा कि राज्य-केन्द्र के विभाग भष्टाचार में सराबोर हैं। बजट का बन्दरबांट जारी है। ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायतों के बजट को मिलजुलकर डकारा जा रहा है।

भाकपा ने 13 सूत्रीय प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन एसडीएम कर्वी को सौंपा। ज्ञापन में जातीय जनगणना, संविदा, आउटसोर्सिंग, कर्मचारियों को नियमित घोषित करने, किसानों के कर्ज माफ, एमएसपी की गारंटी, मनरेगा को युद्धस्तर पर चलाने, पांच सौ रुपये दैनिक मजदूरी व तीन सौ दिनों के काम की गारंटी देने, निजी शिक्षा, चिकित्सा सेवा में हो रही लूट रोकने, विधायकनिधि के कामों की उच्च स्तरीय जांच कराने, नजूल भूमि अधिग्रहण रोकने, ग्रामीण स्तर में अठारह घंटे बिजली देने, आवारा पशुओं से फसल बचाने व सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है। इस मौके पर सभा को का कमलेश, संदीप कुमार पाण्डेय, हनुमान, शंकरमणि ने संबोधित किया। धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन में कमलाकांत, भूषण, बुद्धविलाश, प्रद्युम्न कुमार, शिवबरन, राजा, रामचन्द्र, देवनाथ, कमलेश सिंह, रामस्वरूप, राम विजय, रवि, राममिलन आदि मौजूद रहे।

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में मना शिक्षक दिवस

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में शिक्षक दिवस मनाया गया।

इस मौके पर सदस्य किशोर न्याय बोर्ड शिवशंकर त्रिपाठी, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती अंजना पोरवाल, सहायक अध्यापक राजीव कुमार सिंह, सहायक अध्यापक मानवेन्द्र प्रताप मिश्र, सहायक अध्यापक अभिषेक मिश्रा, सहायक अध्यापक अनिमेष मिश्र, विद्युत प्रशिक्षक लवकुश कुमार, कला/खेल प्रशिक्षक अशोक कुमार, संस्था प्रभारी वीर



शिक्षक दिवस मनाते किशोर।

सिंह, केयर टेकर सुरेश चन्द्र, लवलेश कुमार व दीपक शर्मा परमर्शदाता मौजूद रहे। इस मौके पर किशोरों को डा सर्वपल्ली राधा कृष्णन के सम्बन्ध में जानकारी दी। किशोरों ने संस्था के शिक्षकों व प्रशिक्षकों का अभिनन्दन किया। किशोरों को फल बांटे गये।

## अन्ना गौवंश सड़क में मिलने पर नपेंगे प्रधान-सचिव: बीडीओ मानिकपुर

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में बीडीओ मानकिपुर ने जब से चार्ज संभाला है, गौवंशों पर प्रमुखता से कार्य कर रहे हैं। गांव में रात को अचानक जाकर गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण कर रहे हैं। खामियां मिलने पर प्रधान-सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को इसी के तहत जारी आदेश में बीडीओ मानिकपुर ने कहा कि जिस भी ग्राम पंचायत सीमा के सड़क पर अन्ना गौवंश मिलने पर संबंधित प्रधान-सचिव के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस ने दबोचा एक वांछित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय व सिपाही ललित सोनी ने वांछित रविकरन पुत्र शिवमूरत सिंहपुर तिंदवारी जिला बांदा को गिरफ्तार किया है।

## 22 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा मुन्नीलाल ने कुशल प्रसाद मिश्रा पुत्र भुलेश मिश्रा सुरसेन सरधुवा के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध सरधुवा थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मुन्नीलाल व सिपाही राहुल पुरी शामिल रहे।

# भाजपा ही एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है: प्रकाश पाल

भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाना है

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा के सदस्यता अभियान की जिला स्तरीय लांचिंग व प्रेसवार्ता भाजपा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की। शुभारंभ भाजपा के डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ। गुरुवार को मुख्य अतिथि प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है। भाजपा छह साल में प्रत्येक कार्यकर्ता की सदस्यता का नवीनीकरण करती है। सशक्त व विकसित भारत



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन करते भाजपाई।

बनाने को सशक्त भाजपा आवश्यक है। भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता भी नम्बर वन पोजीशन पा सकता है। सपा, बसपा, कांग्रेस आदि दलों में संगठन व सरकार की नम्बर वन पोजीशन परिवार के लिए ही आरक्षित है। देश का विभाजन कांग्रेस की देन है। विपक्षी दल समाज को जाति के नाम पर बांटने में लगे हैं। हमे वोट देने वाले मतदाता को भाजपा का सदस्य बनाना है। भाजपा को भारत ही नही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाना है। भाजपा का सदस्य 8800002024 पर काल कर व नमो एप तथा भाजपा की वेबसाइट से बन सकते हैं।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता मनोयोग से लगकर सदस्यता अभियान को सफल बनायें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा से जोडना है। बूथ पर दो सौ सदस्य बनाने हैं। सदस्यता अभियान में सभी कार्यकर्ताओ को सहभागी बनना है। सदस्यता अभियान एक से 25 सितम्बर व एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तथा सक्रिय सदस्यता 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। संचालन राघवेन्द्र सिंह ने किया।

कार्यक्रम के पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, चन्द्र प्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, राघवेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अर्जुन शुक्ला, शिवशकर सिंह, हीरो मिश्रा, मोहित मिश्रा, मुन्ना करवरिया, राजेश जयसवाल, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश्वरी, मनोज तिवारी, जगदीश गौतम, प्रेमलाल, गंगाधर मिश्र, सुशीला देवी, गुलाब पटेल, बिनीत द्विवेदी, कैलाश रलिहा, सुशील द्विवेदी, संतोष मिश्रा, अखिलेश रैकवार, राकेश कोल, रमाकांत पाण्डेय, श्रवण पटेल,रवि गुप्ता, मोनू मिश्रा, सच्चिदानंद गर्ग, योगेन्द्र सिंह, दशरथ, रिजवाना परवीन, मोहनदास, बालाजी समेत आदि मौजूद रहे।

# गौशालाओं में इंटरलॉकिंग, पानी, शेड की करें व्यवस्था: डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गौशालाओं के निरीक्षण व भरण-पोषण बाबत नोडल अधिकारियों से गौशालाओं का निरीक्षण, संरक्षण, भरण-पोषण व अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं में कीचड़ है तो इंटरलॉकिंग व शेड, पानी की समस्या है तो निस्तारण किया जाये।

गुरुवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि स्थानीय गौवंश



बैठक में निर्देश देते डीएम।

बाहर घूम रहे हैं, उन्हें अंदर करायें। स्थानीय लोग जब लेने आयें तो उन पर फाइन लगायें। जिन गौवंशों को पकड़ कर ले जाते हैं उनकी ट्रैकिंग करायें। नोडल प्रभारी को निर्देश दिये कि गौवंशों की सेहत देखने के बाद ही भुगतान करायें। जो नोडल प्रभारी नामित हैं, प्रतिदिन गौशालाओं का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि निरीक्षण करने जायें तो वहां कोई स्टाफ होना चाहिए। गौशालाओं के निरीक्षण को नोडल प्रभारी जायें तो ग्रामीणसें से जानकारी लें कि कब चराते हैं, कब चारा खिलाते हैं। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि नोडल अधिकारी समस्या बतायें तो निस्तारण करायें। कहा कि गौशालाओं में अधिक से अधिक वृक्ष लगायें। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी पूजा साहू, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र समेत नोडल प्रभारी मौजूद रहे।

# छात्रों को विधिक साक्षरता के बारे में किया जागरुक

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** शान्ती देवी इंटर कालेज पहाड़ी में राष्ट्रीय विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन कर शिक्षक दिवस मनाया गया।

गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम शुभारम्भ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों का परिचय करवाया। माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। कक्षा 12 की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत- अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में मौजूद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार



जागरूकता शिविर में बोलते मजिस्ट्रेट।

ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव ने छात्रों के बीच विधिक साक्षरता के विषय में जागरुक कर शिक्षक दिवस की शुभकामनायें दी। अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी राममणि पाठक तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती नीलू मैनवाल ने बच्चों के बीच कानून की जानकारी देते हुये बताया कि विधिक निरक्षर व्यक्ति को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किस प्रकार वंचितो, शोषितों, महिलाओं, बच्चों आदि को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र भारती ने विधिक साक्षरता के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डीजे विकास कुमार ने छात्र/छात्राओं से सीधा संवाद कर जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने सभी न्यायाधीशों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार के बनाये चित्र को भेंट स्वरूप प्रदान किया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार जताया।

# कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या से वकीलों में आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला कचहरी परिसर में वकीलों की बैठक में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने कहा कि अधिवक्ताओं की हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। देश-प्रदेश में आये दिन अधिवक्ताओं की हत्यायें हो रही हैं। अधिवक्ताओं के हित में प्रदेश व्यापी आन्दोलन हुए हैं। सरकार के आलाधिकारियों समेत अधिवक्ता व नेताओं की बैठकें हुई। नतीजा कमेटी गठित तक ही सिमट गया। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं हुआ।

गुरुवार को जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने कहा कि गरीबों, निर्बलों, शोषितों को न्याय दिलाने वाला ही सुरक्षित नहीं है, तो अधिवक्ता हितों की



बैठक करते अधिवक्तागण।

सुरक्षा कैसे हो। शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द लागू कराने की बात कही। फौजदारी वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने अधिवक्ता मोहिनी चैहान की हत्या की कड़े शब्दों में निन्दा की। कहा कि अधिवक्ता परिजनों को सरकारी नौकरी व पचास लाख रुपए मुआवजा दिया जाये। कुंवर रोहित सिंह ने कहा कि शीघ्र अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करें। जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि अधिवक्ताओं को बड़ा आंदोलन करने की जरूरत है, जब तक एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू न हो जाये। बैठक में शिवशंकर उपाध्याय, अनिल त्रिपाठी, देवशरण मिश्रा, सुरेन्द्र पयासी, नरेन्द्र सिंह लल्ला, आशीष त्रिपाठी, अरुण टाइगर, विकास निगम, माधव विश्वकर्मा, अनूप सिंह बघेल अलौकीकानंद, आशीष यादव, अनूप गुप्ता समेत आधा सैकड़ा अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सिंगापुर के साथ हुए चार अहम समझौतों को भारत ने बताया 'संबंधों का नया अध्याय'

**सिंगापुर। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पीएम लॉरेंस वोंग के साथ एक बैठक की। इस दौरान, दोनों नेता संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने पर सहमत हुए।

वोंग के निमंत्रण पर पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर सिंगापुर में हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा, "संबंधों में एक नया अध्यायः व्यापक रणनीतिक साझेदारी स्थापित हुई। पीएम मोदी और पीएम लॉरेंस वॉगएसटी ने आज सिंगापुर में एक सार्थक बैठक की। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए। जिसमें उन्नत विनिर्माण, कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा, कौशल विकास और स्थिरता के क्षेत्रों के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की गई।"



भारत और सिंगापुर के बीच डिजिटल प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्र में प्रमुख समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए जो दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेंगे।

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सिंगापुर के व्यापार और उद्योग मंत्रालय के बीच भारत-सिंगापुर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम साझेदारी पर एमओयू शामिल है। डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग पर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सिंगापुर के डिजिटल विकास और सूचना मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

शैक्षिक सहयोग और कौशल विकास पर भारत के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और सिंगापुर के शिक्षा मंत्रालय के बीच भी सहमति बनी। स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच समझौता हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को पीएम वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की।

वोंग से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत देश में कई सिंगापुर बनाना चाहता है।

उन्होंने कहा, " सिंगापुर सिर्फ एक भागीदार देश नहीं है, बल्कि हर विकासशील देश के लिए एक प्रेरणा है। हम भी भारत में अनेक सिंगापुर बनाना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि हम साथ मिलकर उस दिशा में काम कर रहे हैं।

हमारे बीच गठित मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन एक पथ-प्रदर्शक तंत्र है .. कौशल, डिजिटलीकरण, गतिशीलता, अर्धचालक, उन्नत विनिर्माण, एआई, स्वास्थ्य सेवा, स्थिरता साइबर सुरक्षा .. सहयोग के क्षेत्र पहल के प्रतीक बन गए हैं...।"

# संकट का नया युग... जापान ने जारी किया श्वेत पत्र, बोला- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे गंभीर खतरा

**टोक्योः जापान** ने मंगलवार को सुरक्षा आकलन पर अपना वार्षिक श्वेत पत्र सार्वजनिक किया है। इसके कुछ दिन पहले ही उसने अगले वर्ष के लिए 59 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड रक्षा बजट का ऐलान किया था। जापान के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इंडो-प्रशांत क्षेत्र द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से सबसे गंभीर और जटिल सुरक्षा संकट का सामना कर रहा है। इस श्वेत पत्र में चीन से जुड़े कई क्षेत्रीय तनावों का जिक्र किया गया है, खासकर दक्षिण चीन सागर के आसपास। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्सों पर अपना दावा करता है। इस कारण बाकी देशों के साथ चीन के संबंध काफी तनावपूर्ण हैं।

572 पन्नों के श्वेत पत्र के अंग्रेजी संस्करण में, जापान के रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने टोक्यो की रक्षा



योजना को इस चेतावनी के साथ प्रस्तुत किया है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय संकट के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे बड़ी परीक्षा का सामना कर रहा है। किहारा ने पूर्वी चीन सागर, दक्षिण चीन सागर और शेष प्रशांत क्षेत्र में चीन के सैन्य निर्माण और तेजी से बढ़ती गतिविधियों को जापान के लिए सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौतियों में से एक बताया।

सुरक्षा खतरों के बारे में जापान ने क्या कहा?

श्वेत पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अभूतपूर्व खतरे में है। इसमें कहा गया है कि चीन द्वारा तेजी से सैन्य निर्माण, विशेष रूप से पूर्वी चीन सागर (सेनकाकू द्वीपों के आसपास) और व्यापक प्रशांत क्षेत्र में, जापान की सुरक्षा को चुनौती दी गई है। श्वेत पत्र में कहा गया है, "अंतर्राष्ट्रीय समुदाय संकट के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से अब तक के अपने सबसे बड़े परीक्षण का सामना कर रहा है। मौजूदा व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी जा रही है। जापान खुद को युद्ध के बाद के युग के सबसे गंभीर और जटिल सुरक्षा वातावरण में पाता है।"

# जापान में शक्तिशाली तूफान से 3,000 साल पुराना देवदार नष्ट

**टोक्यो। दक्षिण-पश्चिमी** जापान के कागोशिमा प्रांत के याकुशिमा द्वीप पर स्थित एक विशाल 3,000 साल पुराना देवदार का पेड़ गिर गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, तूफान शानशान के कारण आई तेज हवाओं के कारण यह हादसा हुआ।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने क्योडो न्यूज के हवाले से बताया कि देवदार लगभग 26 मीटर ऊंचा था

और इसके तने की 8 मीटर की



परिधि थी। स्थानीय टूर गाइड ने शनिवार को पाया कि यह अपने आधार के पास टूट गया था। 1,000 साल से भी ज्यादा पुराने "याकुसुगी" देवदारों के लिए मशहूर याकुशिमा द्वीप को 1993 में विश्व प्राकृतिक विरासत स्थल के रूप में नामित किया गया था।

# अमेजन के जंगलों में रहने वाली माश्को पीरो जनजाति ने 2 बाहरी लोगों को तीर कमान से मारा, दुनिया से नहीं रखते संपर्क

**लिंबाः अफ्रीकी** देश पेरू के अमेजन वर्षावन में माश्को पीरो जनजाति के लोगों की बाहरी लोगों के साथ हुए संघर्ष में दो लोगों मौत हो गई और दो लापता हुए हैं। दुनिया की सबसे अलग-थलग रहने वाली जनजाति मश्को पीरो के लोग बाहरी दुनिया के संपर्क से बचते रहे हैं। इन लोगों की यह झड़प गुरुवार को माद्रे डी डिओस के एक इलाके में उस समय हुई, जब कुछ बाहरी लोग जंगल में लकड़ी काटने के लिए आ गए। जनजाति के सदस्यों ने तीर चलाकर इन पर हमला किया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। झड़प के बाद दो लोग अभी भी लापता हैं, जो जंगल में गए थे।

पेरू के संस्कृति मंत्रालय ने सोमवार रात को घटना की सूचना देते हुए कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। अग्रणी स्वदेशी संगठन फेनामाड ने सोमवार को एक बयान में कहा कि टकराव परियामानु नदी के पास एक क्षेत्र में हुआ, जो जनजाति के क्षेत्र का एक हिस्सा है। यह पहली बार नहीं है जब जनजाति और अजनबियों के बीच घातक झड़पें हुई हैं। संस्कृति



मंत्रालय का कहना है कि माचो पीरो के साथ झड़पों में 2015 और 2022 के बीच क्षेत्र के श्रमिकों और निवासियों सहित चार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं रखते माश्को पीरो माश्को पीरो जनजाति के लोग माद्रे डी डिओस क्षेत्र में रहते हैं और बहुत ही मुश्किल से उनका बाहरी दुनिया से कोई संपर्क होता है। इस क्षेत्र की लड़की पर अक्सर कुछ कंपनियां निगाह जमाती हैं, जो टकराव की वजह बनती है। कई कंपनियां माशको पीरो के निवास क्षेत्र के अंदर लकड़ी की तलाश करती हैं। सर्वाइवल इंटरनेशनल के अनुसार, एक लॉगिंग कंपनी कैनालेस ताहुमानु ने लकड़ी निकालने के लिए अपने लॉगिंग ट्रकों के लिए यहां 120 मील से अधिक लंबी सड़कें बनाई हैं। इस कंपनी के पास माद्रे डी डिओस में 130,000 एकड़ जंगल से देवदार और महोगनी के खनन का अधिकार है। एनजीओ सर्वाइवल इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, मशको पीरो के सदस्यों को हाल के महीनों में अपने क्षेत्र के बाहर देखा गया है। इसकी वजह लॉगिंग उद्योग का बढ़ना और क्षेत्र में लड़की काटने के लिए कंपनियों का आना है।

# ईरान के साथ डील करने वाले सतर्क रहें...

**इस्लामाबादः अमेरिका** ने एक बार फिर पाकिस्तान को ईरान के साथ गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट से हटने के लिए दबाव डाला है। अमेरिका ने पाकिस्तान की ऊर्जा चुनौतियों से निपटने में सहायता करने का वादा करते हुए उसे ईरान के साथ गैस पाइपलाइन परियोजना में शामिल होने पर चेतावनी दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने पाइपलाइन परियोजना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि हम ईरान के खिलाफ अपने प्रतिबंधों को लागू करना जारी रखेंगे। साथ ही हम ईरान के साथ व्यापारिक सौदों पर विचार करने वालों को भी उन सौदों के संभावित प्रभावों के बारे में जागरूक रहने की सलाह देते हैं।

ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, मैथ्यू मिलर का बयान प्रतिबंधों के जरिए ईरान पर दबाव बनाए रखने के अमेरिका के रुख को दिखाता है और पाकिस्तान के लिए भी सीधी चेतावनी है। ऐसे में यह पाकिस्तान की सीमा में प्रस्तावित गैस पाइपलाइन परियोजना को प्रभावित कर सकता है। इस गैस पाइपलाइन परियोजना में पाकिस्तान के ग्वादर से ईरान तक 80 किलोमीटर की पाइपलाइन का विस्तार किया जाना है ।

# जापानी शख्स के 30 मिनट सोकर उम्र दोगुनी करने के दावे में कितना सच

**टोक्योः जापान** के रहने वाले डाइसुके होरी ने हेल्थ एक्सपर्ट की वर्षों पुरानी उस थ्योरी को चुनौती दी है, जो कहती है कि अच्छी सेहत के लिए हर दिन कम से कम छह-सात घंटे की नींद जरूरी है। पश्चिमी जापान के ह्योगो प्रान्त के रहने वाले डाइसुके का दावा है कि वह पिछले 12 वर्षों से प्रतिदिन केवल 30 मिनट ही सोते हैं। इससे ना तो उनकी सेहत खराब हुई है और ना ही कार्यकुशलता पर बुरा असर पड़ा है। इसके उलट कम नींद लेने से उसकी काम करने की क्षमता बढ़ गई है। इतना ही नहीं शख्स का ये भी कहना है कि कम नींद उसकी जिंदगी को बढ़ा देगी।



साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) के अनुसार, 40 वर्षीय डाइसुके होरी कहते हैं कि उन्होंने सिर्फ 30 मिनट की नींद के साथ अपने दिमाग और शरीर को सामान्य रूप से काम करने के लिए ट्रेंड कर लिया है। होरी एक कारोबारी है, जो संगीत, पेंटिंग और मैकेनिकल डिजाइन भी पसंद करते हैं। 12 साल पहले उन्होंने हर दिन ज्यादा काम करने के लिए अपनी नींद को कम करना शुरू कर दिया और घटाते-घटाते इसे प्रतिदिन 30 से 45 मिनट तक कम कर दिया। लंबे समय के अभ्यास से ऐसा हुआ और अब उनके शरीर को इतनी ही नींद पर्याप्त हो जाती है।

छात्रों को भी दे रहे कम सोने की ट्रेनिंग

होरी के ऑनलाइन बायोडाटा में दावा किया गया है कि उसने 2,100 से ज्यादा छात्रों को 'अल्ट्रा-शॉर्ट स्लीपर' बनना सिखाया है। उसकी स्टूडेंट में से एक ने योमिउरी ने भी दावा किया है कि उसने ट्रेनिंग के बाद नींद को आठ घंटे से घटाकर केवल 90 मिनट कर लिया है। होरी का कहना है कि जिन लोगों को अपने काम पर निरंतर ध्यान केंद्रित करना होता है।

## कट्टरपंथ पर काबू जरूरी...

# दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश पहुंचे पोप फ्रांसिस ने दिया ईसाई-मुस्लिम संवाद पर जोर



**जकार्ताः पोप** फ्रांसिस ने बुधवार को दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले मुस्लिम देश इंडोनेशिया में कट्टरपंथ को रोके जाने की बात कही। 87 वर्षीय पोप ने इंडोनेशिया के राजनेताओं से धार्मिक अतिवाद से बचाव करने का आग्रह करते हुए ईसाई-मुस्लिम संबंधों को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

इंडोनेशिया के नेताओं के सामने अपने भाषण में फ्रांसिस ने कहा कि कैथोलिक चर्च चरमपंथ को कम करने में मदद करने की उम्मीद में अंतर-धार्मिक संवाद की दिशा में अपने प्रयासों को बढ़ाएगा। पोप ने इंडोनेशिया ने स्थानीय कैथोलिकों से भी मुलाकात की।

ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, पोप ने जकार्ता के राष्ट्रपति भवन में नसीहत भरे अंदाज में कहा कि किसी को भी अपना विश्वास दूसरों पर नहीं थोपना चाहिए। इससे पूर्वाग्रहों को खत्म करते हुए आपसी सम्मान और विश्वास का माहौल तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'दुनिया के सामने जो चुनौतियां हैं, उनमें चरमपंथ और असहिष्णुता का मुकाबला करना भी शामिल है। उन लोगों से भी मुकाबला करना है जो धर्म को गलत तरह परिभाषित करते हुए हिंसा का उपयोग करके अपने विचारों को थोपने का प्रयास करते हैं।'

इंडोनेशिया में दुनिया की सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी

इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है। इंडोनेशिया की आबादी 28 करोड़ है। इसमें से 87 फीसदी मुस्लिम हैं। इंडोनेशिया का संविधान सभी को धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है लेकिन हाल के वर्षों में देश में धर्म के नाम पर हिंसा देखने को मिली है। इसमें 2021 और 2022 में इस्लामिक स्टेट से प्रेरित समूह से जुड़े आत्मघाती बम विस्फोट शामिल हैं।

# शी चिनफिंग ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद से मुलाकात की

**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने देश की राजधानी पेइचिंग में इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों और सहयोग को गहरा करने की उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

बैठक के दौरान, राष्ट्रपति शी ने अफ्रीका में स्वतंत्रता, मुक्ति और स्वतंत्र विकास के प्रतीक के रूप में इथियोपिया की प्रशंसा की, चीन-अफ्रीका सहयोग के व्यापक संदर्भ



में चीन-इथियोपिया संबंधों की अनुकरणीय प्रकृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने दोनों देशों के बीच ठोस राजनीतिक आपसी विश्वास पर जोर दिया, यह देखते हुए कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है।

# पृथ्वी से टकराया छोटा एस्टेरॉयड, वायुमंडल में घुसते ही बना आग का गोला

**वॉशिंगटनः धरती** के पास से अक्सर एस्टेरॉयड गुजरते हैं लेकिन उनमें से बहुत कम ही पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं। बुधवार को ऐसी ही दुर्लभ घटना हुई जब 2014 फ्ह1 नाम का क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर गया। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने बताया कि लगभग 1 मीटर व्यास वाला यह क्षुद्रग्रह भारतीय समयानुसार बुधवार रात 10 बजकर 9 बजे फिलीपींस के लूजोन द्वीप के ऊपर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के साथ जल गया। इस क्षुद्रग्रह को सबसे पहले कैटालिना स्काई सर्वे ने बुधवार सुबह को खोजा था। वैज्ञानिकों के अनुसार, जलने से पहले यह 63,360 किलोमीटर प्रतिघंटे की आश्चर्यजनक गति से फिलीपींस के सबसे उत्तरी द्वीप के ऊपर आकाश में चमक रहा था।

खगोलविदों का अनुमान है कि इस आकार के एस्टेरॉयड लगभग हर दो सप्ताह में पृथ्वी से टकराते हैं। हालांकि, अंतरिक्ष एजेंसी का कहना है कि यह दुर्लभ है कि उन्हें वायुमंडल में प्रवेश से पहले कभी देखा जा सके। नासा ने पहले ही बताया था कि एस्टेरॉयड का धरती के वायुमंडल पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ेगा और उत्तरी फिलीपींस के पूर्वी तट पर यह आग के एक गोले में तब्दील हो जाएगी। टाइफून तूफान के चलते नजारा हुआ बाधित

इसके असर वाले क्षेत्र में पर्यवेक्षकों को एस्टेरॉयड के विघटित होने पर एक शानदार आग के गोले को देखने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तरी फिलीपींस को प्रभावित कर रहे टाइफून यागी ने इसमें बाधा पहुंचाई।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# क्यों पुतिन से डर गया मंगोलिया, गिरफ्तारी की जगह माफी मांगने की जानिए वजह

**उलानबटोरः स्विट्जरलैंड** के एक मशहूर मानवतावादी हुए हैं- हेनरी डूनो। उनकी किताब 'मेमोरी ऑफ सोलफेरिनो' छपी, जिसमें युद्ध के दौरान इटली में सैनिकों के खिलाफ बर्बर बर्ताव की ऐसी कहानियां थीं, जिसने पूरी दुनिया को सोचने पर मजबूर कर दिया। आखिरकार इस किताब के छपने के करीब 1 साल बाद ही यानी 22 अगस्त, 1864 को पहली बार यूरोप के 12 देशों ने एक समझौते पर दस्तखत किए, जिसका नाम था फर्स्ट जिनेवा कन्वेंशन। यह कन्वेंशन युद्ध के दौरान घायल और बीमार सैनिकों की सुरक्षा के लिए था। बाद में हेग कन्वेंशन भी हुआ।

जिनेवा हो या हेग कन्वेंशन दोनों ने ही युद्ध पर पाबंदी तो लगाई, मगर इसकी सबसे बड़ी खामी यह थी कि इस समझौते को न मानने वालों के खिलाफ इसमें सजा तय नहीं की गई थी। पहले विश्वयुद्ध के बाद सैनिकों की सुरक्षा के मुद्दों पर ध्यान दिए जाने की शुरूआत हुई, जब 1919 के बाद युद्धअपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा देने के लिए ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के बीच समझौता। दरअसल, यह कहानी इसलिए बताई जा रही है, क्योंकि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगोलिया के दौरे पर पहुंचे। ऐसे में यह अटकलें लग रही थीं कि क्या मंगोलिया अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) की बात मानकर पुतिन को गिरफ्तार करेगा? मगर, इन अटकलों के उलट हुआ। पुतिन का रेड कॉर्पेट बिछाकर जोरदार स्वागत हुआ।

आइए-समझते हैं क्छ्ठ के गठन और उसकी ताकत की पूरी कहानी।

समझौता तो हुआ, मगर जर्मन सम्राट बच निकला

यह समझौता तो हो गया, मगर जर्मनी के सम्राट कैसर को सजा नहीं दी जा सकी



क्योंकि कैसर ने नीदरलैंड्स में शरण ले ली और नीदरलैंड इस समझौते में शामिल नहीं था। इसलिए कैसर को कभी भी युद्ध अपराधों के लिए सजा नहीं दी जा सकी। तब दूसरे विश्वयुद्ध के समय 1945 में मित्र राष्ट्रों ने युद्ध अपराधियों को सजा देने के लिए एक व्यापक समझौता किया।

भारत हो सकता है अच्छा मध्यस्थ... पुतिन ने दिए यूक्रेन के साथ बातचीत के संकेत, इन तीन देशों पर जताया भरोसा

यूएन की यह इकलौती बॉडी, जो न्यूयॉर्क में नहीं है

इस समझौते के बाद ही अंतराष्?ट्रीय अपराध न्यायालय (क्छ्ठ) की स्थापना जून 1945 में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गई थी। इसने 18 अप्रैल, 1946 को तब काम करना शुरू किया, जब इसका पहला सम्मेलन हुआ। इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र के तहत हुई है। न्यायालय का मुख्यालय द हेग (नीदरलैंड) के पीस पैलेस में है। संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से यह एकमात्र ऐसा अंग है जो न्यूयॉर्क (अमेरिका) में नहीं है।

ICC का क्या है अहम रोल, किस पर चलाता है मुकदमा

अंतरराष्ट्रीय आपराध न्यायालय अंतरराष्ट्रीय मानव समुदाय के लिए चिंता के सबसे गंभीर अपराधों के आरोपी व्यक्तियों की जांच करता है। नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रामकता जैसे अपराधों के मामलों में यह मुकदमा चलाता है।

क्यों पुतिन का मंगोलिया दौरा चर्चा में ज्यादा

दरअसल, पुतिन का यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब मंगोलिया और सोवियत सेनाओं की जापान पर जीत की 85वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। 1939 में हुई इस लड़ाई में दोनों ओर से हजारों सैनिक मारे गए थे। जब पुतिन पहुंचे तो मंगोलिया ने कोर्ट के आदेश को नजरअंदाज करके चंगेज खान चौराहे पर घोड़ों पर सवार सैनिकों के बीच उनका रेड कॉर्पेट बिछाकर भव्य स्वागत किया।

जब मीडिया ने पूछा तो मंगोलिया ने सॉरी-सॉरी कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। पुतिन का यह हाई प्रोफाइल दौरा इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के विरोध के तौर पर देखा जा रहा है। पुतिन ने मंगोलिया के राष्ट्रपति उखागी खुलेलशो से मुलाकात की। वो भी तब, जब यूक्रेन, पश्चिम देशों और कई अन्य संगठनों ने पुतिन को गिरफ्तार करने की मांग की है।

इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पिछले साल पुतिन पर युद्ध अपराध का आरोप लगाया था। कोर्ट ने पुतिन को गैर कानूनी तरीके से बच्चों को यूक्रेन से रूस भेजे जाने का जिम्मेदार ठहराया था। रूस में बच्चों के अधिकारों की कमिश्नर मारिया लवोवा-बेलोवा के खिलाफ भी गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया गया था।